वर्षः- 06
अंकः- 10
मुरादाबाद
(Friday)
01 May 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
मुरादाबाद से प्रकाशित
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## यूपी विधानमंडल विशेष सत्रः सीएम योगी बोले- महिलाओं के श्राप से कांग्रेस की दुर्गति हुई अब सपा भी उसी रास्ते पर



यूपी विधानमंडल के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र व राज्य की सरकार की ओर से महिलाओं के उत्थान के लिए किए गए कार्यों की चर्चा की। वहीं, सपा-कांग्रेस को आड़े हाथों लिया।महिला आरक्षण के मुद्दे पर संसद में पेश हुए संशोधन विधेयक को लेकर यूपी विधानमंडल के बुलाए गए एकदिवसीय विशेष सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण के प्रारंभ में ही सपा-कांग्रेस को निशाने पर लिया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता में आते ही महिलाओं के नाम जनधन खाते खोले तो सपा के लोगों ने मजाक उड़ाते हुए कहा कि कहां हैं 15 लाख रुपये। जबकि इन्हीं अकाउंट में कोविड के दौरान महिलाओं को शासन की ओर से सहायता दी गई।महिलाओं को सम्मान देने के लिए उनकी सुरक्षा के लिए देश भर में 12 करोड़ शौचालय बनाए गए लेकिन सपा के लोग कभी भी महिलाओं के सम्मान के प्रति कभी संवेदनशील नहीं रहे। उन्होंने इसका भी मजाक उड़ाया। ये शौचालय नारी की गरिमा के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि अब जब महिलाओं के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है तो उनके लिए 33 फीसदी आरक्षण की मांग कर रहे हैं। उन्होंने सपा पर तंज कसते हुए कहा कि सपाइयों के इस व्यवहार पर तो गिरगिट भी शरमा जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में 10 करोड़ महिलाओं को गैस सिलिंडर दिए।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्टार्ट अप योजना शुरू की गई जिसमें महिलाओं की बड़ी भागीदारी है। लखपति दीदी के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक स्वावलंबन देने में सहायता की गई। कहा कि जब इन लोगों को लगा कि यूपीए से काम नहीं चलेगा तो इंडी गठबंधन बनाया। सपा-कांग्रेस ने हमेशा ही महिलाओं के स्वावलंबन का विरोध किया और इसमें बाधा बने। इन लोगों का चेहरा बोलने का कुछ और दिखाने का कुछ और है लेकिन पूरा देश और प्रदेश आप लोगों के कारनामों को जानता है। सपा के लोगों का आचरण स्टेट गेस्ट हाउस कांड के दौरान सभी ने देखा तब भाजपा के लोग आगे बढ़े कि एक दलित की बेटी को सम्मान मिले। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस की दुर्गति का कारण महिलाओं का श्राप है। महिलाओं के श्राप के कारण कांग्रेस की दुर्गति हुई और अब सपा भी उसी ओर अग्रसर है। शाहबानो के मामले में सबने देखा। सपा-कांग्रेस का आचरण मौलवियों के सामने घुटने टेककर नाक रगड़ने की प्रवृत्ति है। सीएम योगी बोले- अपने आचरण की माफी मांगें सपा-कांग्रेस के लोग- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। यही कारण है कि वर्क फोर्स में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है जिसका परिणाम हुआ है कि यूपी की अर्थव्यवस्था में तीन गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि अगर सपा के लोग महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की मांग कर रहे हैं तो संसद में अपने आचरण की भर्त्सना करें और अपने व्यवहार की निंदा करें और माफी मांगें।

## पंजाब में लगेगा राष्ट्रपति शासन!: कई आप विधायक भाजपा में जाएंगे, कांग्रेस सांसद सुखजिंदर रंधावा का बड़ा दावा





आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों के भाजपा में शामिल होने के बाद से पंजाब में सियासी संग्राम तेज हो गया है। अब गुरदासपुर के कांग्रेसी सांसद सुखजिंदर रंधावा ने बड़ा दावा किया है। गुरदासपुर से कांग्रेसी सांसद एवं पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा ने दावा किया है कि पंजाब सरकार संकट में है और आने वाले समय में सूबे में राष्ट्रपति शासन लगा सकता है। चंडीगढ़ में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि आप के कई विधायक भाजपा के संपर्क में हैं और पार्टी छोड़ने के लिए सही समय का इंतजार कर रहे हैं। कांग्रेस का कोई सांसद-विधायक भाजपा में नहीं जा रहा रंधावा ने स्पष्ट किया कि पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी और उनके समेत चार कांग्रेसी सांसदों के भी भाजपा में संपर्क होने की अफवाह फैलाई गई थी मगर मैं विश्वास से बताना चाहता हूं कि कांग्रेस का कोई भी मौजूद सांसद और विधायक पार्टी छोड़ने वाला नहीं है। आम आदमी पार्टी में उथल-पुथल की स्थिति जरूर चल रही है। गद्दारों ने गद्दारों से गद्दारी की- रंधावा ने कहा कि मुझसे किसी ने संपर्क नहीं किया। आप के राज्यसभा सांसदों को गद्दार कहने पर रंधावा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि गद्दारों ने गद्दारों के साथ ही गद्दारी की है क्योंकि आम आदमी पार्टी में भी बहुत से नेता ऐसे हैं जो पहले शिरोमणि अकाली दल और कांग्रेस में थे और आज वे आम आदमी पार्टी सरकार में मंत्री और अध्यक्ष के पद पर बैठे हैं। रंधावा ने कहा कि कांग्रेसियों को भाजपा में जाने की जरूरत नहीं है क्योंकि जो कांग्रेस के आला नेता पहले भाजपा में जा चुके हैं उनकी आज क्या स्थिति है वह सभी जानते हैं। डीजीपी गौरव यादव को चुनौती- रंधावा ने प्रदेश के डीजीपी गौरव यादव को भी चुनौती देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पंजाब की कानून व्यवस्था बुरी तरह से चरमा चुकी है। नशा तस्करों, गैंगस्टरों के बाद अब फिर से उग्रवाद मुखर होने लगा है। रेल ट्रैकों पर धमाके इसका ताजा उदाहरण हैं। पंजाब सरकार को इस गंभीर स्थिति में पंजाब पुलिस के नेतृत्व पर संज्ञान लेना होगा। सभी दलों को एकजुट होकर कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए काम करना होगा। पंजाब सरकार के विधानसभा सत्र के संदर्भ में रंधावा ने कहा कि यह सत्र मजदूरों के हितों की बात करने की आड़ में अपना सियासी लाभ लेने की कवायद है।

## संक्षिप्त समाचार

### एम्स की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, सरकार से कहा- गर्भपात के नियमों में अब बदलाव की जरूरत

सुप्रीम कोर्ट ने 15 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता के 30 हफ्ते के गर्भपात मामले में एम्स की क्यूरेटिव पिटीशन पर कड़ा रुख अपनाया। कोर्ट ने केंद्र सरकार से कानून में बदलाव पर विचार करने को कहा, ताकि दुष्कर्म पीड़िताओं को 20 हफ्ते के बाद भी गर्भपात की अनुमति मिल सके।सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कड़ा रुख दिखाया। 15 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता के 30 हफ्ते की गर्भावस्था समाप्त करने की अनुमति पर सुनवाई हुई। इस फैसले को चुनौती देने वाली एम्स की क्यूरेटिव पिटीशन पर अदालत ने आपत्ति जताई। अदालत ने केंद्र सरकार से यह भी कहा कि कानून में संशोधन कर दुष्कर्म पीड़िताओं को 20 हफ्ते से अधिक समय के बाद भी गर्भपात की अनुमति देने पर विचार किया जाए।कानून को समय के साथ बदलना चाहिए कोर्ट ने साफ कहा कि जब गर्भधारण दुष्कर्म के कारण हुआ हो, तो समय सीमा नहीं होनी चाहिए और कानून को समय के साथ बदलना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि यह बाल दुष्कर्म का मामला है और अगर गर्भपात की अनुमति नहीं दी गई तो पीड़िता को जीवनभर मानसिक आघात झेलना पड़ेगा।अदालत ने कहा कि अगर मां को स्थायी शारीरिक नुकसान नहीं होता है तो गर्भपात किया जाना चाहिए। साथ ही एम्स को निर्देश दिया गया

## रक्षा मंत्री राजनाथ की दो-टूक, ऑपरेशन सिंदूर भारत की मर्जी से रुका, PAK आतंकवाद का वैश्विक केंद्र



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत की बदलती रणनीतिक सोच और सैन्य ताकत का स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की रणनीतिक शक्ति और बदलते वैश्विक रुख का प्रतीक बताया।केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अपनी इच्छा और शर्तों पर रोकने का फैसला किया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि उस समय देश लंबे युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार था और किसी भी परिस्थिति से निपटने की क्षमता रखता था। दिल्ली में आयोजित नेशनल सिक्योरिटी समिट 2.0 को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का केंद्र बताया और कहा कि आतंकवाद की जड़ों को पूरी तरह समाप्त करना आवश्यक है।रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की नीति अब जीरो टॉलरेंस की है। उन्होंने कहा कि अब भारत आतंकवादी हमलों पर केवल कूटनीतिक बयान देने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि निर्णायक कार्रवाई करता है। उन्होंने कहा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने उन्हीं ठिकानों को निशाना बनाया जहां से भारत पर हमले किए गए थे। हमने यह ऑपरेशन क्षमता की कमी के कारण नहीं रोका, बल्कि इसे अपनी शर्तों पर स्वेच्छा से रोका गया था।राजनाथ सिंह बोले- भय बिन होय न प्रीति- राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा भय बिन होय न प्रीति यानी बिना भय के प्रेम संभव नहीं है। यही प्रतिरोध का मूल सिद्धांत है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों में भी यह बात लागू होती है कि मजबूत प्रतिरोध ही शांति और स्थिरता की गारंटी देता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर इस सिद्धांत का वास्तविक उदाहरण है, जिसने दुनिया को भारत की नई रणनीतिक क्षमता का संदेश दिया। लंबे युद्ध की तैयारी और मजबूत सैन्य क्षमता- राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि भारत की सैन्य क्षमता लगातार मजबूत हुई है और जरूरत पड़ने पर तेजी से बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत किसी भी प्रकार की परमाणु धमकी से प्रभावित नहीं हुआ। रक्षा मंत्री ने बताया कि भले ही ऑपरेशन सिंदूर मात्र 72 घंटे में पूरा हुआ हो, लेकिन इसकी तैयारी लंबे समय से चल रही थी। पाकिस्तान आतंकवाद का वैश्विक केंद्र- राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने लगातार आतंकवाद का समर्थन किया है। भारत और पाकिस्तान को एक ही समय में आजादी मिली थी। आज भारत सूचना प्रौद्योगिकी के लिए जाना जाता है। वहीं, पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का केंद्र बन गया है। भारत का सैन्य औद्योगिक परिसर युद्धकाल में भी तेजी से आपूर्ति के लिए तैयार है। पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि आतंकवाद केवल ऑपरेशनल नहीं बल्कि वैचारिक और राजनीतिक स्तर पर भी फैलता है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद की राजनीतिक और वैचारिक जड़ें ही उसकी असली ताकत हैं और इन्हें खत्म करना जरूरी है। सर्ज क्षमता और स्टोरेज क्षमता महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसके साथ ही स्वदेशी हथियारों की बढ़ती विश्वसनीयता ने भारत की प्रतिरोध क्षमता को और मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि यही सभी तत्व मिलकर भारत की रणनीतिक स्थिति को मजबूत बनाते हैं और किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम बनाते हैं।

## शिल्पी हत्याकांड: पीड़ित परिवार के बीच पहुंचे अखिलेश यादव, पांच लाख की मदद दी और CBI जांच की मांग



अखिलेश यादव ने हरदोई में मृतका शिल्पी कुशवाहा के परिजनों को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी। उन्होंने हत्याकांड की सीबीआई जांच और दोषी अधिकारियों को नौकरी से हटाने की मांग की है।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज हरदोई जनपद पहुंचे। उन्होंने मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के गढ़ी रसूलपुर गांव में विवाहिता की हत्या के पीड़ित परिवारीजनों से मुलाकात की। पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद दी।उन्होंने कहा कि उन्हें नौकरी से टर्मिनेट कर देना चाहिए, जिन अधिकारियों ने कहा कि बेटी संतुष्ट है। उसके बाद भी बेटी की जान चली गई। कहा कि गाजीपुर में भी हम लोग विश्वकर्मा बेटी को न्याय दिलाने के लिए गए, तो वर्चस्ववादी लोग पत्थर लेकर निकल पड़े, दंगा फैलाया।परिवार ने कई बार थाने पर बताया- उन्होंने कहा कि आज शिल्पी कुशवाहा के परिवार के बीच मिलने आया हूं। बहुत दुखद घटना हुई है, ऐसी घटना की जितनी निंदा की जाए वह कम है। इस परिवार का दुख कभी कम नहीं होगा। हम इनकी पूरी कानूनी सहायता करने का काम करेंगे। कहा कि परिवार ने कई बार थाने पर बताया। न्याय मिलना चाहिए था, वह नहीं मिला-बेटी खुद गई, लेकिन उसे जो न्याय मिलना चाहिए थाज्वह नहीं मिला। दोषी लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिले और ऐसे लोग जो उनका साथ दे रहे हैं उनको भी सजा मिले। सीबीआई जांच हो। बता दें कि 13 अप्रैल को राम रईश कुशवाहा की विवाहित पुत्री शिल्पी कुशवाहा की हत्या कर दी गई थी। शोकाकुल परिवारीजनों को ढांढस बंधाया- हत्या गांव के लोगों ने ही की थी। बताया कि इससे पहले सपा के प्रतिनिधि मंडल ने 23 अप्रैल को गढ़ी रसूलपुर जाने का कार्यक्रम बनाया था, लेकिन पुलिस-प्रशासन ने सपा नेताओं को हाउस अरेस्ट कर रोक लगा दी थी। वहीं आज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गांव पहुंचकर शोकाकुल परिवारीजनों को ढांढस बंधाया।

## राजभर का सपा-कांग्रेस पर हमला, महिलाओं का विरोध करते हैं संविधान की बात करने वाले



समाजवादी पार्टी व कांग्रेस द्वारा लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पारित नहीं होने देने के विरोध में आज यूपी विधानमंडल का विशेष सत्र आयोजित किया जा रहा है। विशेष सत्र के दौरान भाजपा निंदा प्रस्ताव लेकर आएगी। विशेष सत्र के पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने मीडिया को संबोधित किया।विशेष सत्र को संबोधित करते हुए यूपी के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि विपक्ष महिलाओं का विरोध कर रहा है। कांग्रेस ने लंबे समय तक सत्ता में रहने के दौरान महिलाओं को आरक्षण नहीं दिया और अब जब मोदी सरकार उन्हें उनका हक देना चाहती है तो ये विरोध कर रहे हैं। ये लोग संविधान की बात करते हैं लेकिन महिलाओं का विरोध करते हैं। सपा के लोगों ने समाज के हर वर्ग को धोखा दिया। उन्होंने केवट, जाट और मल्लाह को धोखा दिया। सभी जाति वर्गों को धोखा दिया। अब 2027 के चुनाव में जनता इनसे हिसाब लेगी।विशेष सत्र को संबोधित करते हुए सपा विधायक रागिनी सोनकर ने कहा कि आज इस सत्र को जिस तरह बुलाया गया है वो भाजपा का राजनीतिक षड्यंत्र ज्यादा लगता है न कि महिलाओं के अधिकारियों की वास्तविक चर्चा। अगर महिलाओं को आरक्षण देना होता तो सितंबर 2023 में पारित हुए बिल की अधिसूचना अप्रैल 2026 में न जारी की जाती। उन्होंने कुछ पंक्तियां पढ़ते हुए कहा कि मैं यूपी की नारी हूं, बेखौफ सताई जाती हूं। रामराज्य का नारा देकर बलि चढ़ाई जाती हूं। सिंदूर, कोख और इज्जत नोच जिंदा लाश बनाई जाती हूं। नकली आरक्षण का धोखा देकर शतरंज नचाई जाती हूं। मैं यूपी की नारी हूं हर रोज जलाई जाती हूं। उन्होंने कहा कि जब संसद की बात आती है तो नेहरू को भाजपा के लोग कोसते हैं और जब यूपी की बात आती है तो नेताजी को कोसते हैं क्योंकि इन लोगों का यही धंधा है क्योंकि इनका सारा काम मंदा है। नेताजी ने महिलाओं को आरक्षण देकर पंचायत में 35 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं को ब्लॉक प्रमुख से लेकर प्रधान और बीडीसी की कुर्सी पर बैठाया है और भाजपा के लोगों ने नारी को नारा बनाया है।

## संपादकीय Editorial

# Dhyanu Bhakt of Tourism

If Nadaun is now beginning to see itself through the lens of religious tourism, a fair will be held at the tomb of Dhyanu Bhakt, and the acquisition file must be completed before that. It's a good thing the government has made an effort, otherwise, despite its spiritual power, this site has been neglected for years. We have repeatedly suggested this in these columns, but the inherent religious magnetism here remains unrecognized. There are other religious sites in the state that, if acquired, could potentially expand their potential through tourism review. The Hanuman Temple in Dharamshala, the headquarters of Kangra district, became a center of devotion in British history, but even today, its management remains under the police. The Smart City project has invested substantial funds in its development, but its direct administrative acquisition will only meet its needs for proper management. Similarly, while the commercialization and development of the Baglamukhi Temple is praised, there are advocates for its government acquisition to properly evaluate religious tourism. After independence, Shikari Devi, Janjehli Valley, Sangla Valley, and Bir-Billing have flourished as new tourist destinations in Himachal. In this context, Nadaun's historical and religious heritage and the coastal surroundings of the Beas River fill it with potential. Within this context, the heritage value of Garli-Paragpur and the religious landscape of Jwalamukhi are added.

In this context, a comprehensive tourism map should be developed under the Jwalamukhi Tourism Circuit, encompassing Nadaun, Garli-Paragpur, and Haripur Guler. A film city could be established in this area, focusing on Garli-Paragpur, Haripur Guler, and the Pong Reservoir. Several circuits could be developed, linking religious, heritage, agricultural, and horticultural areas with the state's major temples. For example, by creating a temple circuit for Deotsidh, Chintpurni, Naina Devi, Chamunda, Kangra, Balasundari, and Jwalamukhi, various tourist attractions could be added. By adding a new dimension to the Balasundari Temple Circuit, pilgrims will be able to enhance their travel itinerary by adding the Fossil Park, Shri Renuka Lake, and Nahan. The Deotsidh Temple Circuit will develop numerous attractions and adventure tourism opportunities from the Bhakra Dam to Una. It goes without saying that developing each temple circuit will generate new investment centers and economic growth. Through these circuits, we must promote cultural tourism by incorporating Himachal's culture, music, and traditional arts. For example, the Kaleshwar Mahadev Baisakhi festival and the Lohri festival in Paragpur, under the Jwalamukhi Temple Circuit, could achieve national recognition. With the influx of migrant laborers into Himachal, Chhath festivals have also begun to be held in places like Nadaun. In addition to the temple circuit, with the four-lane projects underway, creating a highway tourism circuit could create new destinations and new investment opportunities throughout Himachal. Developing a Science City around Nadaun would be a significant initiative for school tourism. Similarly, the potential of artificial dams like Pong, Gobind Sagar, Kol Dam and natural lakes in the state will further develop youth tourism destinations, we just have to strengthen their base camps and security arrangements.

# Dancing on Water: The Life of the Wetlands of Loktak Lake

This lake is not only a symbol of beauty but also a rich hub of biodiversity. It is home to a variety of birds, fish, and aquatic creatures. Loktak Lake is not only a marvel of nature but also the foundation of life for its people. Nestled amidst the lush green valleys of Manipur, Loktak is a lake where every aspect of nature appears vibrant and dynamic. At first glance, the lake may appear calm, but as one observes it closely, a unique movement is felt on its surface. The gentle ripples of the water, the gentle touch of the breeze, and the floating landforms combine to create a scene as if the entire lake is slowly dancing to some invisible music. This dance is not violent, but rather extremely balanced and gentle—giving the viewer a sense of inner peace. Phumdis: The Magic of Floating Lands The most striking feature of Loktak Lake are the "phumdis"—floating islands made of grass, soil, roots, and organic matter. Their unique structure is such that, instead of remaining stationary above the water, they slowly slide. Their size and location change according to seasonal changes, water levels, and wind direction. Looking at the phumdis, it seems as if the earth has left small pieces of itself on the water, which are now freely flowing in their own rhythm. This is why this lake feels alive—as if everything here is breathing and changing every moment. A unique home of nature—this lake is not only a symbol of beauty but also a rich center of biodiversity. Numerous species of birds, fish, and aquatic creatures reside here. During the winter season, migratory birds from faraway lands also come to nest here, bringing this place to life. Located within this lake, Keibul Lamjao National Park is the world's only floating national park. This park, too, rests on phumdis, and is home to the Sangai deer—a rare species renowned for its delicate gait. When this deer walks on the phumdis, it seems as if it too has become a part of this natural dance. Support of Life and Livelihood - Loktak Lake is not only a marvel of nature but also the foundation of the lives of the people here. Local communities have been dependent on this lake for centuries to earn their livelihoods. Fishing, farming on phumdis, and using resources through traditional methods are part of the lifestyle here. A special method of fishing is adopted through a technique called "Athapum," in which phumdis are arranged in a circular shape. This is not only useful but also very attractive to look at – as if some artistic form has emerged on the water. Shifting Balance, Growing Concern - Despite its beauty and balance, the lake is facing many challenges. Climate change, increasing pollution, and human interference are affecting its natural form. The thinning of phumdis, deterioration of water quality, and imbalance of the ecosystem are gradually disrupting the rhythm of this "dance." If these problems are not addressed in time, this unique lake could lose its identity. Therefore, its conservation is crucial not only for the environment but also for the life and culture here. A living poem—yet again, Loktak Lake still comes alive with a new energy every day. From sunrise to sunset, its form changes, and each moment tells a new story. This lake teaches us that life is not static—it is a name for constant change and balance. Indeed, Loktak Lake is a stage where nature "dances on water" every day—calm, beautiful, and full of depth.

# The Sky of World Literature: Pearl Buck, Writer of the Universal Sorrows and Pains of Women

Pearl Sydenstrikers Buck received the Nobel Prize for Literature in 1938. In addition to the Nobel, she also received the Pulitzer Prize and several other awards. Let's learn more about her works. Born in West Virginia in 1892, Pearl Sydenstrikers Buck received the Nobel Prize for Literature in 1938. The fourth of seven children, Pearl's parents were missionaries in China. She spent most of her life there. She said she thought and spoke in Chinese idioms. She learned Chinese before her mother tongue. In addition to the Nobel, she received the Pulitzer Prize and several other awards. She taught at three universities in China. She began writing and publishing from a young age. Despite writing and publishing since childhood, her fame came with "Good Earth," published in 1931. The next parts of her trilogy are "Sons" (1932) and "A House Divided" (1935). She wrote prolifically (including "The Young Revolutionary," "The Mother," "The Enemy," "Kinfolk," "The Exile," "The Patriot," "The Promise," "East Wind West Wind," "This Proud Heart," "The Angry Wife," "The Long Love," etc.) and founded "Welcome House" in 1949 for mentally retarded children. Her own daughter, Carol, was mentally retarded. Carol, full name Caroline Grace Buck, suffered from PKU (phenylketonuria). Pearl Buck's trilogy is the saga of a farmer's family named Wang in China. In 1937, directors (Sidney Franklin, Victor Fleming, and Gustav Macht) adapted it into a film of the same name. The film won two Oscars. Wang, a poor, illiterate man, lives with his elderly father and marries a slave from the wealthy Huan House family. His wife, O Lan, is ugly and hardworking, working like an animal at her in-laws' house without complaint. Once considered a human, O Lan gives birth to three sons, enriching the land and bringing prosperity to her in-laws. But the husband and wife remain strangers to each other. The husband grows richer and richer, buying land and even the house from which he had brought the slave woman as his wife. But life is not so simple. Locusts attack Wang's fields, destroying the standing crops, and the storehouses are depleted by famine. In a famine, no one belongs to anyone, and neighbors plunder everything Wang possesses. In a house shaken by tears, the house is reduced to eating dirt to survive. In the cruelty of the famine, O Lan strangles her newborn daughter to death. Remember Setha in Tony Morrison's "Beloved," who kills her daughter to save her from the cruelty of slavery. The Wang family flees their land and struggles in the south. The granaries there are full of grain. Wang drives a rickshaw, and the rest of the family survives by begging. Times are never the same. There's a rebellion in the city, and the poor rob the rich. Wang finds gold, and O Lan also steals a large quantity of gems. They use this to buy a house and land. Wang becomes greedy, seeking fame and glory. He forms a relationship with a prostitute named Lotus. Lotus, too, is a master swindler, extorting a lot of money from him. Wang becomes increasingly troubled, consumed by guilt for his actions against his wife. Wang is a complex, realistic character, filled with many contradictions. While cruel to his wife, Wang loves his sons deeply, educates his eldest son, and cares for his elderly father, uncle, and the elderly uncle's children. He is kind to the farmhands and has a good relationship with his neighbor Ching. Pearl Buck has created a character endowed with all the qualities of a traditional landowner. Over time, his father, wife, and neighbors die. His son has no interest in the land. 'Good Earth' - The Saga of Man - 'Good Earth' is a timeless, universal work. The saga of man. The cycle of life continues like this in all times and all places. Caught in circumstances, man does everything. Good deeds, bad deeds, everything. Life doesn't flow smoothly; it fluctuates. Despite guilt, man continues to commit evil, wrong, moral, and immoral acts. But this novel carries another story, Pearl Buck's personal experience. In 'Good Earth', there is an unnamed child, mentally underdeveloped, a source of grief, pity, and irritation for Wang. The always smiling girl laughs when her father makes eye contact, and his father is overjoyed. He hopes to hear a word from the child. She never calls him "Da Da." Wang's patience begins to wane, his hope turns to despair. With this, Wang's view of his daughter changes. The child is unable to speak. Incapable of doing anything. She has to be fed, exposed to the sun, protected from cold, heat, and rain. She is completely dependent. He has to worry about this child all the time. So naive that when everyone is crying, she keeps laughing. As she grows a little older, she remains emotionless, doing the same thing, folding and unfolding a single piece of clothing for hours. She doesn't care if someone comes or goes, whether they live or die, and she has no reaction. Thankfully, she recognizes her parents, but she can't communicate with them, nor can they speak or hear anything from her. Wang's anger and irritation towards her grows day by day. Wang, helpless toward the child, vents her frustration in various ways. Perhaps Pearl Buck is portraying her husband, but with great sympathy. Her husband refused to pay for the treatment of the stunted child. He flatly refused. But mother Pearl Buck could not leave the child to die; she divorced her husband. A character in the novel says, "Such people should not live." Critics consider this child a symbol of helpless humanity. Pearl Buck, America's first female writer and the fourth woman to receive the Nobel Prize, would have achieved lasting fame even if she had written only "Good Earth."



# ननद-भाभी की मौत: अस्थि विसर्जन कर हरिद्वार से लौट रही थीं, डिवाइडर से टकराकर पांच बार पलटी कार; तीन बच्चे घायल

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सभी भमरौवा के पास पहुंचे तभी उनकी कार अनियंत्रित हो गई और फिर पलट गई और डिवाइडर से टकराने के बाद कार ने पांच पलटी खाईं। हालांकि पीड़ित परिवार के लोगों का कहना है कि किसी वाहन ने उनकी कार को टक्कर मार दी, जिससे हादसा हुआ।यूपी के रामपुर स्थित सिविल लाइंस क्षेत्र में भमरौवा रोड पर बुधवार को अस्थि विसर्जन कर हरिद्वार से लौट रहे लोगों की कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ननद-भाभी की मौत हो गई, जबकि तीन बच्चों समेत छह लोग घायल हो गए।परिजनों का बुरा हाल- हादसे के बाद आगे चल रही गाड़ी में सवार परिवार के अन्य लोगों को इसकी जानकारी हुई तो कोहराम मच गया। मौके पर आकर उन्होंने पुलिस को सूचना दी और आनन-फानन सभी को जिला अस्पताल भेजा। जहां पर घायलों की हालत गंभीर होने पर उनको हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।अस्थि विसर्जन के लिए गए थे हरिद्वार- शहजादनगर थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर निवासी कृष्णपाल चंडीगढ़ में प्राइवेट नौकरी करते हैं। बताते हैं कि कृष्णपाल की बहू की मौत हो गई थी। मंगलवार को कृष्णपाल की पत्नी लज्जावती, उनकी भाभी भोट थाना क्षेत्र के ग्राम बांस नगली निवासी पूजा और अन्य रिश्तेदार अस्थि विसर्जन के लिए हरिद्वार गए थे। बुधवार को सभी कार से लौट रहे थे। एक कार में पूजा, लज्जावती, सुभाष, सौरभ, संतोष और बच्चे भूरी, अंश और सोनल थे। जबकि दूसरी गाड़ी में अन्य रिश्तेदार थे। डिवाइडर से टकराने के बाद कार ने खाई पांच पलटी-



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सभी भमरौवा के पास पहुंचे तभी उनकी कार अनियंत्रित हो गई और फिर पलट गई और डिवाइडर से टकराने के बाद कार ने पांच पलटी खाईं। हालांकि पीड़ित परिवार के लोगों का कहना है कि किसी वाहन ने उनकी कार को टक्कर मार दी, जिससे हादसा हुआ। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सभी थे खून से लथपथ-हादसे की जानकारी मिलने के बाद दूसरी कार में चल रहे परिजन वापस मुड़कर आ गए। सभी घायल खून से बुरी तरह से लथपथ थे। आनन-फानन में परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को लेकर जिला अस्पताल आए। यहां पर डॉक्टरों ने पूजा और लज्जावती को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायलों को बाहर रेफर कर दिया गया। सिविल लाइंस थाना प्रभारी ओमकार सिंह ने बताया कि कार अनियंत्रित होकर पलट गई थी। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई है। मामले की जांच की जा रही है। घटनास्थल से जिला अस्पताल तक मची चीख-पुकार-हादसा इतना भीषण था कि क्रेटा कार के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। दूसरी गाड़ी में जा रहे परिजनों ने स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद मौके पर भीड़ जुट गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। किसी तरह से परिजन सभी को जिला अस्पताल लेकर आए। जहां पर पूजा व लज्जा की मौत के बाद तो चीख-पुकार मच गई। वहीं घायलों की हालत भी गंभीर बनी हुई है। सूचना पर तमाम ग्रामीण भी मौके पर आ गए और परिजनों को सांत्वना देते नजर आए।

## बारिश से मौसम सुहाना, बदलते तापमान से बढ़ी बीमारियों की आशंका

हल्की बारिश के चलते मौसम सुहाना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। सुबह करीब 10=30 बजे के बाद सूर्यदेव बादलों की ओट से बाहर निकले। बुधवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम में इस तरह के बदलाव का असर सबसे पहले लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ता है। डॉक्टरों के अनुसार सुबह ठंड और दिन में गर्मी होने से सर्दी-जुकाम, खांसी और वायरल बुखार के मरीज बढ़ सकते हैं। बारिश के बाद बढ़ी उमस के कारण बैक्टीरिया और वायरस तेजी से फैलते हैं, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। जनरल फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह का कहना है कि इस मौसम में बच्चों और बुजुर्गों को खास सावधानी बरतनी चाहिए। गीले कपड़ों में रहने या बारिश में भीगने से बीमार होने की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा, पानी जमा होने से मच्छर पनपने का खतरा भी बढ़ जाता है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां फैल सकती हैं। बताया कि इलाज के लिए आने वाले मरीजों को सलाह भी दी जा रही है कि साफ-सफाई का ध्यान रखें और बाहर का खाना खाने से बचें। साथ ही, ज्यादा से ज्यादा पानी पीते रहें और जरूरत पड़ने पर चिकित्सक से संपर्क करें। बारिश से जहां मौसम में राहत आई है, वहीं बदलते तापमान के कारण स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहना जरूरी है।

**बचाव के लिए क्या बरतें सावधानी**

- ◆ - बारिश में भीगने से बचें, भीग जाएं तो तुरंत कपड़े बदलें
- ◆ - उबला या साफ पानी ही पिएं
- ◆ - बाहर का कटे-फटे या खुले में रखा भोजन न खाएं
- ◆ - घर और आसपास पानी जमा न होने दें
- ◆ - बच्चों और बुजुर्गों को मौसम के अनुसार कपड़े पहनाएं
- ◆ - सर्दी, खांसी या बुखार होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें



## पूजन-अर्चन के साथ हुआ परशुराम चौक का लोकार्पण

रामपुर। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की ओर से भगवान परशुराम के दिव्य स्वरूप का लोकार्पण हुआ।

इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन-अर्चन किया गया। इसे नगर पालिका ने सात लाख रुपये की लागत से राम रहीम पुल के पास बनाया है।सिविल लाइंस स्थित चौक पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष त्रिभुवन शर्मा, राष्ट्रीय मंत्री डॉ. मुनीश चंद्र शर्मा और जिलाध्यक्ष सौरभ पाठक की मौजूदगी में शहर विधायक आकाश सक्सेना फीता काटकर लोकार्पण किया।

पं. अंकुर शर्मा, कौशल मिश्रा और अतुल मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण से भगवान परशुराम का पूजन अर्चन किया। जिला महामंत्री अभिषेक शर्मा ने अतिथियों का तिलक लगाकर और पटका पहनाकर अभिनंदन किया।

विधायक सक्सेना ने कहा, भगवान परशुराम महान योद्धा और धर्म के रक्षक थे। भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि ऐसे महापुरुषों के चौक हर चौराहे पर बनने चाहिए। त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ के संस्थापक राधेश्याम वासंतेय ने ब्राह्मणों की वर्तमान चुनौतियों पर प्रकाश डाला। संदीप शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज की अपेक्षाओं और भावनाओं का ध्यान रखते हुए हमारे दूरदर्शी विधायक ने ब्राह्मण समाज को दिव्य उपहार दिया है।

समारोह में रामपुर के अतिरिक्त मुरादाबाद, बरेली, संभल और अन्य जनपदों से आए सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। इस मौके पर पारस वशिष्ठ, अवधेश शर्मा, श्वेता शर्मा अनिल वशिष्ठ, धनंजय पाठक, आरके पांडेय, जागेश्वर दयाल दीक्षित, शैलेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## यूपी बोर्ड रिजल्ट : शिकायतों के निस्तारण को ग्रीवांस सेल गठित

रामपुर। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों की परीक्षाफल से संबंधित किसी भी प्रकार की त्रुटि, आपत्ति या शिकायत के निस्तारण के लिए क्षेत्रीय कार्यालय में ग्रीवांस सेल (शिकायत एवं निस्तारण प्रकोष्ठ) का गठन किया है। यह सेल 29 मई तक संचालित रहेगा।सचिव की ओर से जारी आदेशों के क्रम में डीआईओएस ने भी जनपद के समस्त परीक्षार्थियों को सूचना जारी करते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों को अपने परिणाम में किसी प्रकार की गड़बड़ी, अंकपत्र में त्रुटि, विषयवार अंक को लेकर आपत्ति, अनुपस्थित दर्शाने, नाम या जन्मतिथि में गलती अथवा अन्य कोई समस्या हो, वे निर्धारित अवधि में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।डीआईओएस अंजलि अग्रवाल के अनुसार परीक्षार्थियों को अपनी शिकायत संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय में जमा करनी होगी। इसके साथ नेट अंकपत्र की प्रति तथा समस्या से जुड़े आवश्यक साक्ष्य भी संलग्न करने होंगे। स्पष्ट किया गया है कि शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था की गई है, ताकि विद्यार्थियों को अनावश्यक दौड़-भाग न करनी पड़े। शिकायत दर्ज कराने के लिए, विद्यार्थियों को अपने विद्यालय प्रधानाचार्य की आख्या तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। रामपुर के विद्यार्थियों को बरेली कार्यालय से होगा संपर्क डीआईओएस अंजलि अग्रवाल के अनुसार, रामपुर के परीक्षार्थियों के लिए संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय बरेली है। ऐसे में जिले के छात्र-छात्राओं को अपनी शिकायत बरेली क्षेत्रीय कार्यालय में दर्ज करानी होगी। इसके लिए दूरभाष नंबर और ई-मेल भी जारी किए गए हैं, जिससे विद्यार्थी पहले जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## एआई और कंप्यूटर कोडिंग जैसे कोर्स भी कर सकेंगे आईटीआई के छात्र

रामपुर। तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं के लिए अच्छी खबर है। जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया जल्द शुरू होने जा रही है। इस बार जिले के पांच संस्थानों में 1400 से अधिक सीटों पर प्रवेश होगा। खास बात यह है कि इस बार छात्रों को पारंपरिक ट्रेडों के साथ-साथ आधुनिक तकनीक से जुड़े कोर्स जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और कंप्यूटर कोडिंग का भी अवसर मिलेगा। इन नए पाठ्यक्रमों को शुरू किए जाने से ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को अब बड़े शहरों की तरह आधुनिक तकनीकी शिक्षा अपने जिले में ही उपलब्ध हो सकेगी।

मई के पहले सप्ताह में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए विभागीय स्तर पर तैयारियां अंतिम चरण में हैं।जिले में संचालित पांच राजकीय आईटीआई किला समेत पांच संस्थानों में प्रवेश लिया जाएगा। इन संस्थानों में कुल मिलाकर 1400 से अधिक सीटें उपलब्ध हैं। विभाग का मानना है

कि इस बार तकनीकी शिक्षा के प्रति युवाओं का रुझान पहले से ज्यादा बढ़ेगा, क्योंकि अब आईटीआई केवल इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर या मोटर मैकेनिक तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि नए दौर की जरूरतों के अनुसार आधुनिक पाठ्यक्रम भी जोड़े जा रहे हैं।

### स्वार और शाहबाद में शुरू होंगे आधुनिक कोर्स

आईटीआई के नोडल अधिकारी डॉ. मोहम्मद आसिफ ने बताया कि इस बार जिले के स्वार और शाहबाद स्थित संस्थानों में एआई और कंप्यूटर कोडिंग जैसे कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। यह कोर्स टाटा कंपनी की ओर से शुरू किए जा रहे हैं। उनका कहना है कि आने वाला समय डिजिटल तकनीक का है

और ऐसे में एआई, मशीन लर्निंग, डेटा बेसिक प्रोग्रामिंग और कंप्यूटर कोडिंग की जानकारी रखने वाले युवाओं की मांग तेजी से बढ़ेगी। अब तक ऐसे कोर्स महानगरों के निजी संस्थानों या इंजीनियरिंग कॉलेजों तक सीमित थे, लेकिन अब आईटीआई स्तर पर इन्हें शामिल किया जाना युवाओं के लिए बड़ा अवसर माना जा रहा है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्र भी कम शुल्क में आधुनिक तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।पारंपरिक ट्रेडों की भी रहेगी मांग-आईटीआई के नोडल अधिकारी के अनुसार, संस्थानों में इलेक्ट्रिशियन, फिटर, टर्नर, वेल्डर, मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, रेफ्रिजरेशन और एयर कंडीशनिंग जैसे ट्रेडों में प्रवेश दिया जाएगा। आधुनिक ट्रेडों के साथ-साथ पुराने ट्रेडों में भी इस बार पर्याप्त सीटें रखी गई हैं, ताकि छात्रों को अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार विकल्प मिल सके।

**संक्षिप्त समाचार**

## पांचवीं बार निर्विरोध जिला अध्यक्ष बने राजवीर, अंजुम चौथी बार महामंत्री

रामपुर। उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या टांडा कंपोजिट ब्लॉक स्वार के शिक्षक डॉ. राजवीर सिंह को लगातार पांचवीं बार जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ का अध्यक्ष चुन लिया गया। वहीं अंजुम स्नेही चौथी बार जिला महामंत्री चुने गए। दोनों का निर्विरोध चुनाव हुआ।बरेली रोड स्थित एक हाल में बुधवार को संघ का वार्षिक अधिवेशन हुआ। संभल जिला अध्यक्ष अमीर जहां तुर्की एवं दीपक कुमार सुभाषचंद्र सिंह की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ।अध्यक्ष पद के लिए डॉ. राजवीर सिंह व सुरेंद्र पाल सिंह यादव ने नामांकन दाखिल किए। सुरेंद्र पाल ने लिखित सहमति से अपना नाम वापस ले लिया। इसके बाद डॉ. राजवीर सिंह सर्वसम्मति से निर्विरोध चुने गए। महामंत्री पद के लिए डॉ. अंजुम स्नेही सक्सेना और हिमदीप सिंह ने नामांकन किया। हिमदीप ने अपना नाम वापस ले लिया और डॉ. स्नेही को चौथी बार विजेता घोषित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश त्यागी ने टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ एकजुट होने की बात कही। बीएसए कल्पना देवी ने शुभकामनाएं दीं। डॉ. राजवीर ने टीम भावना से काम करने का आह्वान किया। इस मौके पर लेखाधिकारी विकास खंडेलवाल के साथ ही प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष कैलाश पटेल, जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता, अनीता प्रकाश, हेमलता सिंह, रामचंद्र सिंह, दिलशाद वारसी, कमर इशाक जव्वाद, नफासत अली, धर्मवीर सिंह, नीतू सिंह, सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षक के समर्थन में कोतवाली पहुंचे साथी

शाहबाद। 23 अप्रैल तड़के आंवला रोड पर हुए सड़क हादसे में घायल शिक्षक के पक्ष में बुधवार को कई शिक्षक कोतवाली पहुंचे और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।बताया गया कि इस सड़क हादसे में कार चला रहे शिक्षक रघुनाथ सिंह को गंभीर चोटें आई थीं। हादसे में कार की टक्कर से दो बाइक पर सवार चार लोग भी घायल हो गए थे। घटना के बाद मौके पर मौजूद गुस्साए लोगों ने शिक्षक और उनके बहनोई सिपाही की पिटाई कर दी थी।बुधवार को घायल शिक्षक के समर्थन में पहुंचे शिक्षकों ने पिटाई करने वाले आरोपियों पर नकद 85 हजार रुपये, घड़ी और एक तोला सोने की चेन छीनने का आरोप लगाया। शिक्षकों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान हरनाम सिंह, मनोज कुमार, खालिद आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## ऑनलाइन होगी आवेदन प्रक्रिया

नोडल अधिकारी डॉ. मोहम्मद आसिफ के अनुसार, प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी जाएगी। छात्र विभागीय पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के लिए हाईस्कूल, इंटरमीडिएट या संबंधित योग्यता प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, फोटो और अन्य आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे। ऑनलाइन आवेदन के बाद मेरिट सूची जारी की जाएगी। इसके बाद छात्रों को काउंसिलिंग और सीट आवंटन की प्रक्रिया से गुजरना होगा। विभाग ने छात्रों को सलाह दी है कि वे समय रहते अपने दस्तावेज तैयार रखें ताकि आवेदन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। आईटीआई प्रशासन ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। सीटों का निर्धारण, ट्रेडों की सूची और ऑनलाइन पोर्टल अपडेट करने का कार्य अंतिम चरण में है। जैसे ही शासन स्तर से निर्देश मिलेंगे, आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए०एच०प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जल निकासी एवं बाढ़ प्रबन्धन हेतु रिवर सिटीज एलायंस की टीम के साथ बैठक हुई सम्पन्न

## रिवर सिटीज एलायंस की टीम द्वारा बाढ़ प्रबन्धन हेतु नगर का किया गया सर्वेक्षण



क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत - जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में नगर क्षेत्र में जल निकासी एवं बाढ़ प्रबन्धन के लिए नगर का सर्वेक्षण एवं अध्ययन करने हेतु, राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान से आई, रिवर सिटीज एलायंस (आर.सी.ए.) की टीम के साथ बैठक गांधी सभागार में आयोजित की गई। बैठक में अधिशासी अभियन्ता शारदा सागर खण्ड, सिंचाईध्बाढ़ खण्ड/सहायक वास्तुविद नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजक विभाग बरेली, नगर पालिका परिषद पीलीभीत के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में टीम को नगर पालिका क्षेत्र के नालों की संख्या एवं क्षमता के बारे में अवगत कराया गया। इस सम्बन्ध में नालों से सम्बन्धित मानचित्र एवं ड्रोन वीडियो के माध्यम से बाढ़ के दौरान शहर की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया गया। टीम द्वारा एसटीपी एवं सीवर लाइन सहित अन्य बिन्दुओं पर जानकारी प्राप्त की गई। नालों एवं नदियों की वर्तमान स्थिति को मानचित्र के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिससे जलप्रवाह की दिशा अवरोधित स्थानों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों की स्पष्ट पहचान हो सके। लवलेश शर्मा ने आश्वासन दिया कि आर सी ए सचिवालय इस अवलोकन दौरे के बाद एक 'परसेप्शन' रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा, जिसके आधार पर पीलीभीत के ड्रेनेज प्रबंधन के लिए भविष्य में किए जाने वाले प्रोजेक्ट्स और योजनाओं की जानकारी मिलेगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), नगर मजिस्टेऊट, उप जिलाधिकारी सदर, सर्वेक्षण टीम में लवलेश शर्मा नेशनल प्रोग्राम लीड आर.सी.ए., डॉ0 मौमिता कर्माकर सीनियर प्रोग्राम एसोसिएट, विभूषित सक्सेना अर्बन डेवलमेंट स्पेशलिस्ट सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बरेली की प्रजाना ने 10वीं कक्षा में किया मंडल टॉप, हासिल किए 99.6 प्रतिशत अंक



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। भारतीय विद्यालय प्रमाण पत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) ने बृहस्पतिवार को सुबह 11 बजे आईसीएसई (कक्षा 10वीं) और आईएससी (कक्षा 12वीं) की परीक्षा के परिणाम 2026 जारी कर दिए हैं। बरेली की प्रजाना पाराशरी ने 10वीं कक्षा में 99.6 फीसदी अंक हासिल कर बरेली मंडल में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।

शहर के बिहारीपुर की रहने वाली प्रजाना कैंट स्थित सेंट मारिया गोरेटी इंटर कॉलेज की छात्रा हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से तैयारी की। इस दौरान सोशल मीडिया का भी उपयोग किया, लेकिन समय पर नियंत्रण रखा और नियमित पढ़ाई की। प्रजाना के सर्वाधिक अंक इतिहास और रसायन विज्ञान में आए हैं, उन्होंने दोनों विषयों में 100-100 अंक प्राप्त किए हैं। उनके भौतिक विज्ञान में सबसे कम 97 अंक हैं। प्रजाना ने आवश्यकता पड़ने पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का भी इस्तेमाल किया। प्रजाना डॉक्टर बनना चाहती हैं। अपर्णा ने 98.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए -हार्टमन कॉलेज की छात्रा अपर्णा ने 10वीं कक्षा में 98.40 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। अपर्णा ने लक्ष्य बनाकर नियमित तौर पर पढ़ाई की। वह न्यूरो सर्जन बनना चाहती हैं। 12वीं कक्षा के परिणाम- 12वीं कक्षा में हार्टमन कॉलेज के छात्र अनिरुद्ध जौहरी ने 96.75 फीसदी अंक हासिल किए हैं। अनिरुद्ध ने बताया कि उन्होंने मन लगाकर पढ़ाई की और रात में अध्ययन करते थे। उन्होंने कहा कि सबके पास बराबर समय होता है, इसलिए पढ़ाई करते समय पूरा ध्यान लगाना चाहिए। अनिरुद्ध इंजीनियर बनना चाहते हैं।

# अनुपम कपूर खत्री महासभा के राष्ट्रीय सचिव नियुक्त, रोटरी क्लब बरेली साउथ ने किया भव्य सम्मान




क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / ?बरेली- रोटरी क्लब ऑफ बरेली साउथ की सभा रोटरी भवन में संपन्न हुई। इस अवसर पर क्लब के सक्रिय सदस्य अनुपम कपूर को %समस्त खत्री महासभा% का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किए जाने पर एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष डॉ. विनोद पगरानी ने अनुपम कपूर को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सचिव का पद समाज की सेवा, एकता और उनके सर्वांगीण विकास के लिए अटूट प्रतिबद्धता का पद है।

?क्लब सचिव संजय गर्ग ने अपने संबोधन में गौरव व्यक्त करते हुए कहा कि रोटरी क्लब ऑफ बरेली साउथ ने पिछले वर्षों में बरेली को कई अनमोल रत्न दिए हैं, जिसमें अब अनुपम कपूर का नाम खत्री समाज के राष्ट्रीय सचिव के रूप में जुड़ गया है। सचिव संजय गर्ग ने क्लब की समृद्ध विरासत का उल्लेख करते हुए बताया कि इससे पूर्व इस क्लब ने डॉ. अरुण कुमार (वन एवं पर्यावरण मंत्री), संजीव अग्रवाल (कैंट विधायक), दिनेश गोयल (राष्ट्रीय अध्यक्ष, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन), घनश्याम खण्डेलवाल (चेयरमैन, राज्य कृषि परिषद), रवि प्रकाश अग्रवाल (प्रान्तीय अध्यक्ष, व्यापार मंडल), डॉ. रवि मेहरा (10 बार सदस्य, राष्ट्रीय कार्यकारिणी ढ्ढ्रू) और डॉ. विनोद पगरानी (राजकीय प्रतिनिधि, इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन) जैसी विभूतियां दी हैं, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में नाम रोशन किया है।

?सम्मान से अभिभूत अनुपम कपूर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खत्री समाज मूलत: पंजाब और माझ क्षेत्रों से उत्पन्न एक प्राचीन जाति है। उन्होंने अपने भविष्य के संकल्पों को साझा करते हुए कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य देश के विभिन्न हिस्सों में बिखरे खत्री समाज को एक मंच पर लाकर एकजुट करना है। वे समाज के कल्याण, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए विशेष योजनाएं बनाएंगे और राष्ट्रीय, राज्य व जिला स्तर पर महासभा की इकाइयों को सशक्त करने का कार्य करेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे समर्पण भाव से समाज के संगठन, युवा उत्थान और समरसता के लिए निरंतर प्रयास जारी रखेंगे।

इस गरिमामय अवसर पर रवि प्रकाश अग्रवाल, घनश्याम खंडेलवाल, सुजीत जायसवाल, संदीप मेहरा, अनिल अग्रवाल, ध्रुव तिलक, चंद्र प्रकाश, रोहित जिंदल, विशाल अरोरा, दिनेश प्रधान, संजय अग्रवाल, पंकज अग्रवाल ,सतीश अग्रवाल, डॉ. सुनील कुमार , अवध अग्रवाल, शिशिर पांडे, मनोज सेठी, राजीव जैन, विवेक अग्रवाल, रवि अग्रवाल सारनाथ, रोशन अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, राजीव तनेजा, अशोक अग्रवाल, मुकेश जैन, विमल मेहरोत्रा और अनिल मनोहर सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# बरेली में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल: स्कूल से संप्रेक्षण गृह तक व्यवस्थाओं की परखी हकीकत






क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल गुरुवार को बरेली पहुंचीं तो पूरा सिस्टम हाई अलर्ट पर आ गया। सुबह एयरपोर्ट से लेकर दोपहर डेढ़ बजे तक उनका कार्यक्रम बेहद सघन और सख्त संदेश देने वाला रहा। जहां-जहां राज्यपाल पहुंचीं, वहां व्यवस्थाओं की परत-दर-परत जांच हुई और अफसरों में साफ तौर पर बेचैनी नजर आई। त्रिशूल हवाई अड्डे पर उतरते ही राज्यपाल सीधे दिशा इंटर कॉलेज पहुंचीं। यहां उन्होंने औपचारिकता से दूर हटकर स्कूल की असल तस्वीर देखने की कोशिश की। क्लासरूम, संसाधन और बच्चों की पढ़ाई-हर पहलू को बारीकी से परखा। खास तौर पर विशेष बच्चों की शिक्षा को लेकर उनका रुख बेहद गंभीर दिखा, जिससे साफ हो गया कि लापरवाही पर कोई नरमी नहीं होगी। दिशा इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने साफ शब्दों में संकेत दिया कि विशेष बच्चों की शिक्षा सिर्फ कागजों में नहीं, जमीन पर दिखनी चाहिए। मंच से ही उन्होंने समावेशी शिक्षा और संसाधनों की मजबूती पर जोर दिया। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों और शिक्षाविदों के लिए यह साफ संदेश था कि अब सिर्फ दावे नहीं, काम दिखना चाहिए। संप्रेक्षण गृह में सख्ती, बच्चों की हालत पर ली सीधी रिपोर्ट इसके बाद किला स्थित राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) पहुंचकर राज्यपाल ने व्यवस्थाओं की हकीकत जानने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बच्चों की सुरक्षा, रहन-सहन और सुविधाओं को लेकर उन्होंने मौके पर ही जानकारी ली। सूत्रों के मुताबिक, छोटी-छोटी खामियों पर भी सवाल उठे, जिससे जिम्मेदार अधिकारियों की सांसें थमी रहीं। दोपहर करीब 1-25 बजे तक राज्यपाल का दौरा पूरी रफ्तार में चलता रहा। इसके बाद वह महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय के लिए रवाना होंगी, जहां बैठक और समीक्षा का दौर चलेगा। माना जा रहा है कि यहां भी शिक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर कड़े सवाल उठ सकते हैं। शाम को उद्घाटन कार्यक्रम, सियासी हलचल भी तेज- शाम को राज्यपाल रामगंगानगर स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल की नई शाखा का उद्घाटन करेंगी। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता संतोष गंगवार की मौजूदगी से सियासी हलचल भी बढ़ गई है। दौरे के बहाने प्रशासनिक के साथ-साथ राजनीतिक सरगर्मियां भी तेज हो गई हैं। राज्यपाल के दौरे को लेकर पूरा बरेली सुरक्षा घेरे में नजर आया। एयरपोर्ट से लेकर हर कार्यक्रम स्थल तक पुलिस की कड़ी निगरानी रही। रूट डायवर्जन लागू किया गया और अफसरों को साफ चेतावनी दी गई कि सुरक्षा में जरा सी चूक भी भारी पड़ सकती है। पूरे दिन शहर में वीवीआईपी मूवमेंट का असर साफ दिखा।

# आवारा कुत्तों ने किया हमला, अनियंत्रित हुई बाइक से गिरकर रिटायर्ड शिक्षिका की मौत



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। कर्मचारी नगर क्षेत्र में आवारा कुत्तों के झुंड से बचने के प्रयास में अनियंत्रित हुई बाइक से 65 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षिका मंजू सक्सेना सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गईं। आनन-फानन उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना ने शहर में आवारा कुत्तों के आतंक और नगर निगम की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मंजू सक्सेना हाल ही में बेसिक शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हुई थीं। बुधवार अपने बेटे शानू के साथ बाइक से कर्मचारी नगर स्थित केसर वाटिका में अपने दामाद शुभम सक्सेना के घर जा रही थीं। उन्हें वहां से दिल्ली के लिए रवाना होना था। बताया गया कि जैसे ही बाइक ऑफिसर्स एन्क्लेव विस्तार कॉलोनी में राहुल प्रोविजन स्टोर के पास पहुंची, कुत्तों का झुंड बाइक के पीछे दौड़ पड़ा। अचानक हुए इस हमले से घबराकर मंजू सक्सेना का संतुलन बिगड़ गया। वह बाइक से सड़क पर सिर के बल गिर पड़ीं।

नगर निगम की कार्रवाई पर सवाल- इस घटना से शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को लेकर स्थिति साफ हुई है। इंस्पेक्टर इज्जतनगर सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि पुलिस के पास इस तरह का कोई मामला संज्ञान में नहीं है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि उन्हें अभी तक मामले की जानकारी नहीं मिली है। सूचना मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, लोगों ने नगर निगम की निष्क्रियता पर नाराजगी जताई है।

# 12 साल की बच्ची से दरिंदगी, फंदे से लटका मिला शव

## पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से हुआ सनसनीखेज खुलासा

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। मीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में 12 वर्षीय बालिका का शव फंदे से लटका मिला था। परिजनों ने संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया तो सनसनीखेज खुलासा हुआ। रिपोर्ट में बालिका से दुष्कर्म और मारपीट के गंभीर निशान सामने आए हैं, हालांकि मौत का कारण हैंगिंग बताया गया है।

जांच में यह भी पता चला है कि घटना से एक दिन पहले बालिका को उसकी मां ने डंडे से पीटा था। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की गहन जांच कर रही है। शुरुआती पूछताछ में मां ने दुष्कर्म जैसी किसी बात से इन्कार किया था, लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस की जांच की दिशा बदल गई। पुलिस ने मां से दोबारा पूछताछ की है। 28 अप्रैल की शाम बालिका का पिता मजदूरी के लिए बाहर था। उसकी मां गल्ला लेने कोटे की दुकान पर गई थी। घर पर दोनों बेटियां थीं, जब छोटी बेटी कमरे में गई तो उसने अपनी बड़ी बहन को फंदे से लटका देखा। उसने फोन पर वीडियो कॉल कर पिता को सूचना दी, और घर लौटी मां ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# देवी व वर्षा को मिला सृजन सम्मान



क्यूँ न लिखूँ सच / सिकंदर राजा/ मुरादाबाद। यू पी प्रेस क्लब व उत्तर प्रदेश साहित्य सभा द्वारा आज 168 वाँ सम्मान बैसवारा के कवि डॉ देवी बख्श सिंह बैस को कविता के लिए सृजन व वर्षा वर्मा को समाज सेवा के लिए सृजन प्रेरणा सम्मान हसीब सिद्दीकी, सर्वेश अस्थाना डॉ कमलेश शुक्ल व अध्यक्ष भ्रमर बैसवारी ने शाल व सम्मानपत्र से किया। पंकज प्रसून के प्रारंभ द्वारा निशा सिंह नवल के संयोजन व संचालन में प्रतिभा श्रीवास्तव की वाणी वंदना के साथ हुये कविसम्मेलन में निर्मल श्रीवास्तव, सुभाष गुरुदेव, बेअदब लखनवी, तमाचा लखनवी, दीपिका, कुलदीप सिंह, सौरभ जैसवाल, योगी योगेश शुक्ल, शालिनी राय, प्रमोद श्रीवास्तव, राजीव वत्सल, रवि शंकर रवि, पारस श्रीवास्तव, अरविंद झा, जगत नारायण, विनोद शंकर शुक्ल, महेश चंद्र गुप्त, अनिता अरोड़ा, नेहा शिवम, श्रीश दीक्षित, डॉ रुद्रमणि, सुरभि सिंह, मनोज कुमार, वैरागी महाकाल, अच्युतानंद, रजनी राय,आलोक शंकर, गिरधर खरे, चंचल प्रतापगढ़ी, गोबर गणेश, अजय वर्मा, वीरपाल सिंह निश्छल ने काव्यपाठ किया। धन्यवाद ज्ञापन सर्वेश अस्थाना ने किया।

# जीआईसी में मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज के सभागार में बुधवार को हाईस्कूल, इंटरमीडिएट के मेधावियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ओमप्रकाश राय, उप प्रधानाचार्य कुसुमलता राजपूत और डॉ. गजराम सिंह ने माला पहनाकर प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिह्न और पानी की बोतल प्रदान की। हाईस्कूल में आरव वर्मा, शाश्वत मिश्रा, वैभव मिश्रा को सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में विश्वास, अश्वनी वर्मा, दीपांशु सागर, वाणिज्य वर्ग में इशांत गुप्ता, कृष्ण कुमार, वैभव वार्ष्णेय, कला वर्ग में प्रतीक पाराशरी, अकमल, उदय सिंह, व्यवासायिक वर्ग में प्रिंस मौर्य, अमित, उत्कर्ष रस्तोगी को सम्मानित किया गया। संचालन मंडलीय क्रीड़ा सचिव नईम अहमद ने किया। डॉ. चंद्रमोहन अग्रवाल, सना इरफानी, डॉ. शशि पूनम राव, डॉ. आयेन्द्र गंगवार, शिवानी सक्सेना, डॉ. किरन कुमारी समेत अन्य रहे।

# 554 शिक्षकों का शून्य नामांकन के कारण रोका वेतन किया जारी

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। जिले के 554 परिषदीय विद्यालयों में एक भी बच्चों के प्रवेश न होने पर बीएसए डॉ. विनीता ने ऐसे सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, इंचार्ज प्रधानाध्यापक का वेतन रोकने के निर्देश जारी किए थे। इस संबंध में जिले के तमाम स्कूलों के शिक्षकों की समस्या को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी बीएसए से मिले और एक सप्ताह का समय मांगते हुए वेतन जारी करने का निवेदन किया। जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार, मांडलिक मंत्री केसी पटेल के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने बीएसए को ज्ञापन देते हुए वेतन जारी करने की मांग की। बीएसए ने वेतन जारी करते हुए एक सप्ताह का समय देते हुए कहा कि सभी स्कूल जो शून्य नामांकन वाले हैं वह बच्चों के प्रवेश एक सप्ताह के अंदर अवश्य कर लें।

अन्यथा ऐसे शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। नरेश गंगवार और केसी पटेल ने शून्य नामांकन वाले और अन्य स्कूल के शिक्षकों से अपील की कि कोई भी स्कूल शून्य प्रवेश की स्थिति में न रहे और सभी स्कूल अधिक से अधिक प्रवेश कराए जिससे बेसिक स्कूलों में छात्र संख्या में वृद्धि हो। पुष्प राज गंगवार, सतीश शर्मा समेत अन्य रहे।

# हर धड़कन की कीमत समझें, सी.पी.आर. जरूर जानें

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली, नागरिक सुरक्षा कोर अलखनाथ डिवीजन द्वारा सात दिवसीय सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आज बिष्णु इण्टर कालेज नई बस्ती में स्टोरमैन प्रशांत गुर्जर व डिवीजनल वार्डन अन्जय कुमार अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से दिये गये प्रशिक्षण से किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार अध्यापक सुशील शर्मा, रमन गंगवार के साथ साथ आईसीओ नीतू द्विवेदी पोस्ट वार्डन रितु अग्रवाल, आशीष प्रधान, पोस्ट वार्डन आरक्षित पवन कालरा, डिप्टी पोस्ट वार्डन वीनू गोस्वामी सैक्टर वार्डन अंकुर अग्रवाल, संतोष चावला, प्रस्तावित सैक्टर वार्डन देवेश प्रजापति साहिल साहू आदि के सहयोगी रहे। विद्यालय के दो छात्रों, आशीष गंगवार व असद ने सुन्दर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में डिवीजनल वार्डन अन्जय अग्रवाल ने उन सभी वार्डनों को धन्यवाद दिया जो अन्य प्रशिक्षणों में निरंतर सहयोगी रहे।

# विवाद न विरोध, बेवजह मारा गया आकाश, 10 युवक डेढ़ घंटे में गटक गए थे 4 बोतल शराब; ट्रिपल मर्डर में खुलासा

बुलंदशहर के खुर्जा में हुए ट्रिपल मर्डर में नया खुलासा हुआ है। 25 अप्रैल की रात 10 युवक डेढ़ घंटे में चार बोतल शराब गटक गए थे। इन्हें कॉकटेल बनाकर शराब का सेवन किया था। सीमा पॉटरी फैक्टरी पर जीतू के जन्मदिन की पार्टी चल अप्रैल की रात को जिम पर हुई तीन युवकों की जांच में सामने आया कि सीमा पॉटरी जहां डेढ़ घंटे में दस युवक चार बोतल शराब आरोपियों ने बियर के साथ वाइन व व्हिस्की सभी युवक गंभीर नशे की हालत में थे। गिरफ्तारी के साथ-साथ घटना के कारण और हैं। 26 अप्रैल रविवार रात को जब मयंक, 25 अप्रैल की रात को जीतू के जन्मदिन की मयंक सैनी के पिता महेश चंद्र सैनी की सीमा शराब पार्टी कर रहे थे। मौके पर पुलिस को थीं। इसके अलावा चार पांच बियर की कैन फैक्टरी में एक ही जगह सभी लोग नहीं बैठे जैसे सभी लोग अलग अलग जगह बैठे हों। बोतलें मिलीं।आरोपी साढ़े नौ बजे के करीब जिम आए और झगड़ा हुआ। दस बजकर दस से निकल गएइन डेढ़ घंटे में चार बोतल



रही थी। बुलंदशहर के खुर्जा कोतवाली इलाके में 25 की हत्या के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस फैक्टरी पर जीतू सैनी की जन्मदिन पार्टी चल रही थी। गटक गए थे और पांच बोतल शेष रह गई थीं। इसमें में कॉकटेल बनाकर सेवन किया था। जिसके चलते सीओ शोभित कुमार ने बताया कि आरोपियों की उससे जुड़े पहलू भी खुलकर सामने आने शुरू हो गए नरेश व रुपेश को गिरफ्तार किया गया था तो उन्होंने सारी घटना खोलकर रख दी थी। इसके बाद पुलिस ने पॉटरी फैक्टरी की जांच की, जहां पर सभी आरोपी वाइन की दो और व्हिस्की की दो बोतल खाली मिली भी थी। सभी लोगों ने खुल कर शराब पी थी। पॉटरी थे। अलग-अलग जगह पर बोतल व ग्लास पड़े मिले, मौके से पुलिस को चार खाली बोतल व पांच भरी फैक्टरी में शराब पीने गए थे, जिसके 30 मिनट बाद मिनट पर वापस फैक्टरी चले गए और 11 बजे फैक्टरी शराब गटक ली गई। वहां भी आरोपियों ने अलग-अलग ब्रांड को मिक्स किया, जो सेहत के लिए भी खराब होता है और नशा ज्यादा हो जाता है। इस स्थिति में सभी लोग नशे में धुत थे, जब मोबाइल फोन पर अमरदीप और जीतू के बीच गाली गलौज हो गई तो सभी लोग इकट्ठा हो गए। घटना होने से रोक सकता था रूपेश, मूकदर्शक बन खड़ा रहा- खुर्जा स्थित सुभाष मार्ग स्थित जिम पर हुए हत्याकांड में आरोपी जिम संचालक रूपेश सैनी वह शख्स है, जो शुरूआत से लेकर अंत तक वहीं मौजूद रहा। यदि रूपेश चाहता तो हत्या की नौबत नहीं आती।खुद को बेगुनाह दर्शाने वाला रूपेश पर पुलिस को शुरूआत से ही शक था, जिसने हिरासत में गुनाह कुबूल किया पुलिस ने उसको सोमवार को जेल भेजा। सीओ खुर्जा शोभित कुमार ने बताया कि हिरासत में लिए गए रूपेश से पूछताछ की गई तो उसके बयान में फेरबदल देखने को मिल रहा था, जिसको लेकर पुलिस को शक हो गया।दरअसल, जिम संचालक रूपेश सैनी जो विवाद के शुरू से लेकर हत्या करने के बाद तक मौके पर ही मौजूद था। सीओ का कहना है कि घटना को मूकदर्शक बनकर देखना भी समान अपराध की श्रेणी में आता है। जबकि जिम संचालक होते हुए रूपेश ने कोई विरोध नहीं किया।सीओ शोभित कुमार ने बताया कि घटना दो भाईयों मनीष व अमरदीप और उनके भतीजे आकाश की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसमें दो भाई मयंक सैनी व रिंकू सैनी को जेल भेज दिया गया। मुख्य आरोपी जीतू सैनी का एनकाउंटर हो गया है। वो मुठभेड़ में मारा गया है। उसका भाई रवि सैनी फरार है।विवाद न विरोध बेवजह मारा गया आकाश- पुलिस जांच और आरोपियों से हुई पूछताछ में सामने आया कि अमरदीप और जीतू के बीच विवाद हुआ था। इसकी सूचना पर मनीष व अन्य लोग मौके पर गए थे, जहां मनीष ने जीतू की प्रतिक्रिया और गाली का विरोध किया था। भतीजा आकाश केवल अपने चाचा के झगड़े की सूचना पर मौके पर गया था, जिसने कोई विरोध या विवाद नहीं किया था।फिर भी आरोपियों ने बेरहमी से आकाश के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। आकाश ने वहां से भागकर जान बचाने का भी प्रयास भी किया था लेकिन आरोपियों ने पैर में लोहे की रोड फेंककर उसको गिरा दिया और उसकी हत्या कर दी।

# प्रवर्तन कांस्टेबल, फॉरेस्ट गार्ड PET परीक्षा का रिजल्ट जारी, सचिव ग्रेड-II का अंतिम परिणाम भी घोषित

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने प्रवर्तन कांस्टेबल मुख्य परीक्षा 2023, वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक मुख्य परीक्षा 2023 की पीईटी परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। इसके अलावा, आयोग ने सचिव श्रेणी-तीन ग्रेड-दो मुख्य परीक्षा 2024 का अंतिम परिणाम और कटऑफ भी घोषित की है।उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने प्रवर्तन कांस्टेबल के 477 पदों के लिए आयोजित पीईटी परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इसके साथ ही आयोग ने 709 पदों के लिए आयोजित वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक मुख्य परीक्षा 2023 की पीईटी परीक्षा का परिणाम भी घोषित कर दिया है।यूपीएसएसएससी ने सचिव ग्रेड-द्धद्ध भर्ती का अंतिम परिणाम भी घोषित कर दिया है। अंतिम परिणाम के साथ-साथ कटऑफ अंकों की भी घोषणा की गई है। संबंधित अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर परिणाम और कटऑफ देख सकते हैं।प्रवर्तन कांस्टेबल पीईटी में 3,165 अभ्यर्थी सफल- प्रवर्तन कांस्टेबल के 477 पदों पर चयन के लिए लिखित परीक्षा 11 मई 2025 को आयोजित की गई थी, जिसका परिणाम 13 नवंबर 2025 को घोषित किया गया। प्रदर्शन के आधार पर पीईटी चरण के लिए 6,060 अभ्यर्थियों को योग्य घोषित किया गया था। इन अभ्यर्थियों की पीईटी परीक्षा 22 से 28 फरवरी 2026 तक आयोजित की गई। पीईटी में 3,165 अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिए सफल घोषित किया गया है। लिखित परीक्षा 11 मई 2025 को हुई। लिखित परीक्षा का परिणाम 13 नवंबर 2025 को घोषित हुआ। 6,060 अभ्यर्थियों को पीईटी के लिए योग्य घोषित किया गया। पीईटी का आयोजन 22 से 28 फरवरी 2026 तक हुआ। पीईटी में 3,165 अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिए सफल घोषित किया गया।फॉरेस्ट गार्ड पीईटी में 2,993 अभ्यर्थी सफल कुल 709 रिक्तियों के लिए वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक मुख्य परीक्षा का आयोजन 9 नवंबर, 2025 को आयोजित की गई। लिखित परीक्षा का परिणाम 8 जनवरी 2026 को घोषित किया गया, जिसमें पीईटी के लिए कुल 5,111 अभ्यर्थियों को योग्य घोषित किया गया। पीईटी परीक्षा का आयोजन 12 फरवरी से 19 फरवरी 2026 तक किया गया। शारीरिक मानक परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल 2993 अभ्यर्थियों को चिकित्सा परीक्षा हेतु बुलाये जाने का निर्णय लिया गया है। लिखित परीक्षा का आयोजन 9 नवंबर, 2025 को हुआ। लिखित परीक्षा का परिणाम 8 जनवरी 2026 को घोषित किया गया। पीईटी के लिए 5,111 अभ्यर्थियों को योग्य घोषित किया गया। पीईटी का आयोजन 12 फरवरी से 19 फरवरी 2026 तक किया गया। अगले चरण के लिए 2993 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है।सचिव ग्रेड-II भर्ती में 134 अभ्यर्थी चयनित- सचिव ग्रेड-II के 134 पदों के सापेक्ष कुल 134 अभ्यर्थी चयनित किए गए हैं। चयनित अभ्यर्थियों में 54 अनारक्षित, 37 ओबीसी, 13 ईडब्ल्यूएस, 28 एससी और 2 अभ्यर्थी एसटी श्रेणी के हैं।कटऑफ इस प्रकार है: श्रेणी अंतिम चयनित अभ्यर्थी का प्राप्तांक- तिम चयनित अभ्यर्थी की जन्म-तिथि- अनारक्षित 63.25 20.08.1994 अनुसूचित जाति53.75 01.02.2000 अनुसूचित जनजाति 52.00 02.04.1994 अन्य पिछड़ा वर्ग 61.00 15.08.1999 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग 59.25 11.08.1999

# यूपी विधानमंडल का विशेष सत्र: मंत्री बोलीं, सपा-कांग्रेस के कारण महिलाओं को नहीं मिला बराबरी का हक

समाजवादी पार्टी व कांग्रेस द्वारा लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पारित नहीं होने देने के विरोध में आज यूपी विधानमंडल का विशेष सत्र आयोजित किया जा रहा है। विशेष सत्र के दौरान भाजपा निंदा प्रस्ताव लेकर आएगी। सत्र का शुभारंभ सीएम योगी के भाषण से हुआ जिसमें उन्होंने भाजपा सरकारों की तरफ से महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं का वर्णन किया और सपा-कांग्रेस पर निशाना साधा। सपा विधायक कमाल अख्तर ने कहा- ये बीजेपी के जितने भी साथी हैं, वह भ्रम फैलाते हैं। जब बिल परसीमन होगा और बिल लागू किया जाएगा। लेकिन, जब 5 है। अब आप ही बताइए कि 2011 की जनगणना के आधार पर महिला आरक्षण बिल कैसे लागू हो जाएगा?सपा विधायक पूजा किया। विपक्ष में बैठे सपा और कांग्रेस जो खुद को महिला ये महिला विरोधी थे, हैं और रहेंगे। उस दिन महिलाएं टीवी पर काम कर रही थी, लेकिन जब बिल पास नहीं हुआ तो उनके मन महिला आरक्षण का विरोध करना लोकतंत्र का काला दिन है।



सभी जानते हैं कि 2023 में महिला आरक्षण बिल पास हुआ था। लेकिन पास हो गया, जब पीएम मोदी ने कहा कि 2026 की जनगणना के बाद राज्यों के चुनाव आए तो विशेष सत्र बुलाकर इस बिल को पेश किया जाता तो यूपी सरकार पंचायत चुनाव नहीं करवाना चाहती? फिर लोकसभा में पाल ने कहा, पीएम मोदी ने देश की आबादी को सम्मान दिलाने का प्रयास हितैषी बताते हैं, यही लोग इसका विरोध करने लगे। ये लोग दिखा रहे कि टकटकी लगाकर देख रही थी, ये वो महिलाएं थी जो गरीब थी, किचन में को ठेस पहुंचा।भाजपा विधायक केतकी सिंह ने कहा कि विपक्ष की ओर से सपा कांग्रेस के लोग महिलाओं को आगे नहीं बढ़ने देना चाहते हैं। कांग्रेस के प्रमुख परिवार की दो-दो महिलाएं संसद की सदस्य हैं और यूपी के प्रमुख विपक्षी दल के नेता के घर की महिला सांसद है लेकिन वो गरीब महिलाओं का विरोध करते हैं। सपा का समाजवाद महिलाओं के लिए नहीं है। सपा-कांग्रेस के लोग गरीब महिलाओं के राजनीति में आने पर नो इंट्री का बोर्ड लेकर खड़े हो जाते हैं।यूपी सरकार की मंत्री बेबी रानी मौर्य ने सदन के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा थी कि महिलाओं को राजनीति में भी अवसर मिले पर सपा-कांग्रेस के कारण ऐसा नहीं हो सका। अगर परिसीमन का बिल पास हो जाता है तो किसी भाई की सीट कम न होती और महिलाओं को भी उनका हक मिल जाता और यही प्रधानमंत्री जी चाहते थे कि महिलाओं को बराबरी का हक मिले। इस बिल का विरोध कर सपा-कांग्रेस ने महिलाओं का अपमान किया है जिसे कभी भी महिलाएं नहीं भूलेंगी क्योंकि उनके कारण ही महिलाओं को बराबरी का हक नहीं मिला।विशेष सत्र को संबोधित करते हुए यूपी के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि विपक्ष महिलाओं का विरोध कर रहा है। कांग्रेस ने लंबे समय तक सत्ता में रहने के दौरान महिलाओं को आरक्षण नहीं दिया और अब जब मोदी सरकार उन्हें उनका हक देना चाहती है तो ये विरोध कर रहे हैं। ये लोग संविधान की बात करते हैं लेकिन महिलाओं का विरोध करते हैं। सपा के लोगों ने समाज के हर वर्ग को धोखा दिया। उन्होंने केवट, जाट और मल्लाह को धोखा दिया। सभी जाति वर्गों को धोखा दिया। अब 2027 के चुनाव में जनता इनसे हिसाब लेगी। विशेष सत्र को संबोधित करते हुए सपा विधायक रागिनी सोनकर ने कहा कि आज इस सत्र को जिस तरह बुलाया गया है वो भाजपा का राजनीतिक षड्यंत्र ज्यादा लगता है न कि महिलाओं के अधिकारियों की वास्तविक चर्चा। अगर महिलाओं को आरक्षण देना होता तो सितंबर 2023 में पारित हुए बिल की अधिसूचना अप्रैल 2026 में न जारी की जाती। उन्होंने कुछ पंक्तियां पढ़ते हुए कहा कि मैं यूपी की नारी हूं, बेखौफ सताई जाती हूं। रामराज्य का नारा देकर बलि चढ़ाई जाती हूं। सिंदूर, कोख और इज्जत नोच जिंदा लाश बनाई जाती हूं। नकली आरक्षण का धोखा देकर शतरंज नचाई जाती हूं। मैं यूपी की नारी हूं हर रोज जलाई जाती हूं।उन्होंने कहा कि जब संसद की बात आती है तो नेहरू को भाजपा के लोग कोसते हैं और जब यूपी की बात आती है तो नेताजी को कोसते हैं क्योंकि इन लोगों का यही धंधा है क्योंकि इनका सारा काम मंदा है। नेताजी ने महिलाओं को आरक्षण देकर पंचायत में 35 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं को ब्लॉक प्रमुख से लेकर प्रधान और बीडीसी की कुर्सी पर बैठाया है और भाजपा के लोगों ने नारी को नारा बनाया है। भाजपा का नारी वंदन झूठा है। भाजपा के लोग नारी को इस्तेमाल करके सत्ता की कुर्सी को हथियाना चाहते हैं। यही इनकी मंशा है।यूपी विधानमंडल में कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि सरकार महिला आरक्षण की बात कर रही है। हम भी यही चाहते हैं कि भाजपा सरकार इसे लागू करे कि यूपी के विधानसभा चुनाव 2027 में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ही सबसे पहले इस देश को महिला राष्ट्रपति दिया। महिला प्रधानमंत्री दिया। अगर इतिहास को देखें को कांग्रेस ने ही आजादी के बाद महिलाओं को पुरुषों के बराबर का मताधिकार दिया। राजीव गांधी की सरकार आने पर वोट देने की उम्र 18 साल की गई जिससे साढ़े तीन करोड़ लोगों को और मताधिकार मिला। महिला आरक्षण बिल सितंबर 2023 में संसद में पास हुआ और इसे लागू करने में तीन साल लग गए।

## संक्षिप्त समाचार

### अलीगढ़ का मुंबई-पूर्वी यूपी से जुड़ाव करेगा 74 किमी लंबा लिंक एक्सप्रेसवे, उद्योग जगत में उतसाह

इस लिंक एक्सप्रेसवे का सबसे बड़ा लाभ अलीगढ़ और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों को मिलेगा। इससे मुंबई या नोएडा एयरपोर्ट तक पहुंचने के लिए लगने वाला समय और ट्रैफिक की बाधाएं खत्म



हो जाएंगी।प्रदेश सरकार गंगा और यमुना एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाले लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण प्रक्रिया पर काम कर रही है। 74 किमी लंबे इस लिंक एक्सप्रेसवे का 54 किमी हिस्सा बुलंदशहर और 20 किमी हिस्सा गौतमबुद्धनगर में होगा। इसके शुरू होने से अलीगढ़ की कनेक्टिविटी सीधे मुंबई और पूर्वी उत्तर प्रदेश से हो जाएगी। इससे जिले के ताला-हार्डवेयर उद्योग और निर्यात को वैश्विक पंख लगेंगे। साथ ही नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए स्थानीय लोगों को एक और कनेक्टिविटी मिल जाएगी। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) मई माह तक इस प्रोजेक्ट की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) शासन को सौंप देगा। इसके बाद परियोजना पर काम शुरू हो जाएगा। इस एक्सप्रेसवे की चौड़ाई 120 मीटर रखी गई है। यह मार्ग बुलंदशहर के स्याना से शुरू होकर यमुना सिटी की फिल्म सिटी के पास जुड़ेगा।इस लिंक एक्सप्रेसवे का सबसे बड़ा लाभ अलीगढ़ और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों को मिलेगा। इससे मुंबई या नोएडा एयरपोर्ट तक पहुंचने के लिए लगने वाला समय और ट्रैफिक की बाधाएं खत्म हो जाएंगी। यूपीडा के अधिकारियों के अनुसार, इस मार्ग के जरिए अलीगढ़ का जुड़ाव देश की आर्थिक राजधानी मुंबई और जेवर स्थित इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक बेहद सुगम हो जाएगा।

### अंबेडकरनगर में 10वीं में सान्वी और 12वीं में अतुल ने किया जिला टॉप

अंबेडकरनगर में 10वीं में सान्वी और 12वीं में अतुल ने जिला टॉप किया। जिले का रिजल्ट 100 फीसदी रहासीआईएससीई बोर्ड ने 10वीं और 12वीं के परिणाम जारी कर दिए हैं। यूपी के अंबेडकरनगर में इस साल दोनों कक्षाओं में छात्रों ने



शानदार प्रदर्शन किया। बोर्ड परीक्षा में बड़ी संख्या में सफलता प्राप्त की है। इस साल, दोनों कक्षाओं में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। बोर्ड परीक्षा का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। अकबरपुर के सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज में 258 बच्चों ने परीक्षा दी। इसमें हाईस्कूल में 176 व इंटरमीडिएट में 82 परीक्षार्थी शामिल हुए। इन्फेंट इंडिया इंटरनेशनल स्कूल सरदार नगर में 132 ने परीक्षा दी। इसमें हाईस्कूल में 68 व इंटरमीडिएट में 64 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। यह सभी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हो गए हैं। विज्ञान वर्ग में हाईस्कूल में सेंट पीटर्स कॉलेज के सान्वी सिंह को 98.6 प्रतिशत, इंटरमीडिएट में अतुल दुबे को 97.5 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। वहीं, कॉमर्स वर्ग में हाईस्कूल में माही सिंह ने 96.2 प्रतिशत व इंटरमीडिएट में काव्या श्रीवास्तव ने सर्वाधिक 93.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। फादर बैप्टिस्ट डिसूजा ने सभी बच्चों को बधाई दी और मिठाई खिलाई। वहीं, इन्फेंट इंडिया इंटरनेशनल स्कूल सरदार नगर में प्रधानाचार्य डॉ.अब्दुल कलाम खान ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ बधाइयां दी। 10वीं के परिणाम में तरब हबीबाह 92.4 प्रतिशत, इंटर की परीक्षा में अनन्या वर्मा को 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं।

### एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते वीडीओ को रंगे हाथ धरा, जन्म प्रमाणपत्र बनाने के नाम पर मांगी थी रकम

गोंडा में एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते वीडीओ को रंगे हाथ धर लिया। इसने पीड़ित से जन्म प्रमाणपत्र बनाने के नाम पर 10 रुपये की रकम मांगी थी।यूपी के गोंडा में बृहस्पतिवार को देवीपाटन मंडल की एंटी करप्शन टीम ने बभनजोत ब्लॉक परिसर में ग्राम विकास अधिकारी उमेश कुमार भारती को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर जन्म प्रमाणपत्र बनाने के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप है।जानकारी के अनुसार, खोड़ारे थाना क्षेत्र के कोल्हीगरीब गांव निवासी मोहम्मद अजमल ने एंटी करप्शन टीम को शिकायत दी थी। शिकायत में बताया गया कि उनके परिचित के तीन बच्चों- महमुदुद्दीन, समसू निशा खान और फरहीन खान के जन्म प्रमाणपत्र जारी करने के लिए ग्राम विकास अधिकारी द्वारा 10 हजार रुपये की मांग की जा रही है। आरोप है कि बिना रिश्वत दिए प्रमाणपत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं। लगातार टालमटोल किया जा रहा है।शिकायत की पुष्टि के बाद एंटी करप्शन टीम ने सुनियोजित तरीके से ट्रैप ऑपरेशन तैयार किया। तय योजना के तहत जैसे ही आरोपी ने रिश्वत के 10 हजार रुपये लिए, टीम ने मौके से ही उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को मनकापुर कोतवाली ले जाया गया। वहां उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

# ब्लैक स्पॉट पर हादसे रोकने के लिए सख्त कदम उठाएं: कलेक्टर





क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी।शहर में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्य किए जाएं, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

कलेक्टर ने विशेष रूप से देहरदा चौराहे पर हो रही अधिक दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए इसके कारणों की विस्तृत रिपोर्ट मांगी और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य मार्गों पर हाईमास्ट लाइट की कमी पर नाराजगी जताते हुए शीघ्र व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।बैठक में बायपास कटमई तिराहे से फोरलेन तक चल रहे कार्य को समयसीमा में पूर्ण करने, मुख्य मार्गों पर साइन बोर्ड और संकेतक लगाने तथा अनावश्यक कट पॉइंट बंद करने के निर्देश दिए गए। साथ ही हाईवे पर अतिक्रमण हटाने, अवैध रूप से खड़े ट्रकों पर चालानी और जप्ती कार्रवाई करने के लिए पुलिस और प्रशासन को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने को कहा गया।

पिपरसमा चौराहे पर ढाबों के कारण उत्पन्न हो रही ट्रैफिक समस्या को गंभीरता से लेते हुए अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए।

अतिक्रमण पर सख्ती, बसें केवल स्टैंड से संचालित हों- कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शहर की प्रमुख सड़कों और थीम रोड पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन और यातायात पुलिस को नियमित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही बसों को केवल निर्धारित बस स्टैंड से संचालित करने और अन्य स्थानों पर खड़ी होने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

आवारा मवेशियों पर भी कार्रवाई- सड़क दुर्घटनाओं में आवारा मवेशियों की भूमिका को देखते हुए कलेक्टर ने उन्हें पकड़कर नजदीकी गौशालाओं में शिफ्ट करने के निर्देश दिए, विशेषकर रात के समय बढ़ती दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए।

मैरिज गार्डन में पार्किंग व्यवस्था अनिवार्य- शादी समारोह के दौरान सड़कों पर होने वाली पार्किंग से जाम की समस्या को देखते हुए कलेक्टर ने मैरिज गार्डन संचालकों के साथ बैठक कर पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

स्कूल बसों और ओवरलोडिंग पर सख्ती-जिला परिवहन अधिकारी को स्कूल बसों के परमिट की जांच करने और ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों पर लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और सड़क सुरक्षा को लेकर समन्वित प्रयासों पर जोर दिया गया।

## आज से शुरू होगा जनगणना का दूसरा चरण

# प्रगणक सही एचएलओ एप से करें एंट्री, वी.सी. में जनगणना निदेशक ने दिए निर्देश



क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। शिवपुरी। जनगणना कार्य के आगामी चरण की तैयारियों को लेकर गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनगणना निदेशक मध्यप्रदेश संजीव श्रीवास्तव द्वारा प्रदेश के सभी चार्ज अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में 1 मई से प्रारंभ होने वाले जनगणना कार्य के संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किए गए।

जनगणना निदेशक मध्यप्रदेश संजीव श्रीवास्तव द्वारा निर्देश दिए गए कि सभी प्रगणक 1 मई से जनगणना के सही एचएलओ एप को डाउनलोड कर मकानों की एंट्री प्रारंभ करें। सभी जनगणना पर्यवेक्षक 5 मई तक डाटा सिंक करने का कार्य प्रारंभ करें। प्रगणकों को 5 मई तक 10 प्रतिशत एवं 10 मई तक 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण करना अनिवार्य है। सभी चार्ज अधिकारी जनगणना पोर्टल पर स्वयं लॉगिन कर व्यवस्थाओं को अच्छी तरह देख लें। एप लॉगिन संबंधी समस्याओं का समाधान चार्ज स्तर पर ही किया जाएगा।

उन्होंने सभी चार्ज अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में जनगणना कार्य के दौरान समय-समय पर भ्रमण कर जायजा लेने के निर्देश दिए। वी.सी. में बताया गया कि प्रदेश में सेल्फ एन्यूमरेशन का कार्य सराहनीय रहा है। अब तक 5.80 लाख से अधिक सेल्फ एन्यूमरेशन फॉर्म भरे जा चुके हैं। शत-प्रतिशत सेल्फ एन्यूमरेशन कार्य पूर्ण कराने वाले प्रगणकों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित भी किया जाएगा। साथ ही जनगणना के प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर देते हुए कहा गया कि लोगों को जागरूक किया जाए, ताकि किसी प्रकार का भ्रम या भ्रांति न फैले।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने निर्देशित किया कि पहले दिन ही लॉगिन कर कार्य प्रारंभ कर पूर्ण करने पर विशेष बल दिया जाए, ताकि अभियान समयबद्ध और प्रभावी तरीके से संपन्न हो सके।

इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा, एडीएम दिनेश चंद्र शुक्ला, जिला जनगणना अधिकारी पीयूष पवार सहित चार्ज अधिकारी उपस्थित थे।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया जल परीक्षण का प्रशिक्षण, स्वच्छ पेयजल पर जोर



क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। जल गंगा अभियान के तहत करैरा विकासखंड में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) का प्रशिक्षण दिया गया। महिला एवं बाल विकास कार्यालय करैरा में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 35 ग्रामों की कार्यकर्ता, सहायिकाएं एवं सुपरवाइजर शामिल हुईं।


लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री शुभम अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना तथा दूषित पानी से होने वाली बीमारियों की रोकथाम करना है। प्रशिक्षण में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जल की गुणवत्ता जांचने के विभिन्न मानकों की जानकारी विस्तार से दी गई।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों से जल नमूनों की जांच कराई गई और उन्हें एफटीके तथा एचटीएस किट के उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही किट का वितरण कर नियमित जल परीक्षण के लिए प्रेरित किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल, जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में कमी लाई जा सके।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीएचई विभाग के सहायक यंत्री आर.डी.एस. दंडोतिया, उपयंत्री हिमांशी गुप्ता, ब्लॉक कॉर्डिनेटर संजय श्रीवास्तव, पीएमयू रंजना शर्मा, लैब केमिस्ट रिजवाना कुरैशी और एंट्री ऑपरेटर ऋचा श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मां ने मेरे सामने लिखा नोट, शादी की 11वीं सालगिरह से पहले दी जान; मोनिका ने मरने से पहले इन्हें किया फोन



यूपी में साइबर ठगों से परेशान होकर एक महिला ने खुदकुशी कर ली। महिला ने शादी की 11वीं सालगिरह से पहले जान दी। महिला मोनिका ने मरने से पहले पति, भाई, मां को फोन किया था। उसने सबसे कहा था कि अंदर से घबराहट महसूस हो रही है।बिजनौर में साइबर अपराधियों से परेशान होकर एक महिला ने जान दे दी। कोतवाली शहर के ग्राम फरीदरपुर भोगी में मोनिका की बुधवार को शादी की 11वीं सालगिराह थी। पति रणधीर उसकी सालगिरह की तैयारियों में लगा था पर साइबर अपराधियों की ऐसी नजर लगी कि बुधवार को पूरा परिवार मोनिका के दुनिया से जाने का शोक डुबा हुआ था।

बुधवार की दोपहर घर उसके रिश्तेदार, भाई सब मौजूद थे। साइबर अपराधी बुधवार को भी मोबाइल पर कॉल करके मोनिका से बात कराने की धमकी देते रहे। बात नहीं कराने पर उसके पति रणधीर को जेल भेजने, परिवार की जानकारी होने की बात कहकर अहित करने की बात करते रहे।रणधीर ने बताया कि मोबाइल में मैसेज चेक करने पर पता चला कि साइबर अपराधी फोन पर उसका वही आधार कार्ड दिखा रहे थे, जो मोनिका के मोबाइल की फोटो गैलरी में था। व्हाट्सएप पर उसके करीब 20 रिश्तेदारों के नंबर साइबर अपराधियों ने धमकाने के लिए भेजे।रणधीर ने बताया कि सोमवार की दोपहर में वह घर में रखे पांच हजार रुपये लेकर गई। पूछताछ करने पर पता चला कि उसने किसी साइबर कैफे से किसी को पांच हजार रुपये डलवाए हैं। वह यही कह रहे थे कि एक बार किसी से जिक्र तो कर देती, हम समझ जाते और उसकी जान बच जाती।मोनिका ने मरने से पहले अपने पति को फोन किया था। इसके अलावा भाई और मां को भी फोन किया था। सभी से मोनिका ने कहा था कि अंदर से घबराहट महसूस हो रही है।बेटी बोली, मेरे सामने लिखा सुसाइड नोट

मोनिका की एक बेटी नंदकी 11 साल की है। उसने बताया कि रात में मां पेपर पर कुछ लिख रही थी। मां कुछ घबराई हुई थी। उसने पूछा कि मम्मा क्या हुआ, तो जवाब दिया कि बेटा डॉक्टर कह रहे हैं कि तेरे अंदर के सारे अंग खराब हो गए। मुझे लगा किसी बीमारी की बात कर रही। इसके बाद हम दोनों बहनों को सुला दिया। सुबह जागी तो मां दुपट्टे से लटकी हुई थी।कई मैसेज डिलीट, बात करने का बना रहे थे दवाब

रणधीर ने मोनिका का मोबाइल खोला तो उसमें कई अन्जान नंबर थे। व्हाट्सएप पर कई मिसकॉल थी। मैसेज में थे- जिसमें कहा जा रहा था कि मोनिका से बात कराओ, नहीं तो अंजाम बुरा होगा।एक व्यक्ति जो खुद का नाम अमन बता रहा था, वह तस्करी में फंसने की बात कह रहा था और इसके लिए मोनिका को जिम्मेदार ठहरा रहा था। उसने ऑडियो भेजकर धमकाया भी कि यदि वह नहीं बचा तो छोड़ेगा उसे भी नहीं।साइबर ठगों ने कई दिन रखा डिजिटल अरेस्ट, महिला ने दी जान

बिजनौर जिले में साइबर अपराध का अब तक का सबसे क्रूर चेहरा सामने आया है। साइबर अपराधियों ने महिला को कई दिनों तक डिजिटल अरेस्ट रखकर इतना डराया, धमकाया कि शादी की सालगिरह से एक दिन पहले उसने फांसी लगाकर जान दे दी। अंतिम संस्कार के समय साइबर ठग का फोन आने पर परिजनों को शक हुआ। इसके बाद पुलिस को तहरीर दी गई। पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज की है। महिला गृहिणी थी। पति एक फैक्टरी में नौकरी करता है।

## संक्षिप्त समाचार

# थाना भमोरा पुलिस ने 8.289 किलो डोडा छिलका समेत दो तस्करों को किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली ।थाना भमोरा क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है।



चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 8 किलो 289 ग्राम अवैध डोडा छिलका बरामद किया है । थाना भमोरा पुलिस ने आज प्रात: करीब 5ः15 बजे चाँढपुर-बल्लिया रोड पर गश्त और चेकिंग करते दौरान खाटू श्याम मंदिर के पास संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया गया तलाशी लेने पर उनके पास से भारी मात्रा में अवैध डोडा छिलका बरामद हुआ, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 1 लाख रुपये आंकी गई है। अनिल पुत्र अमरपाल (उम्र करीब 19 वर्ष ), निवासी ग्राम चम्पतपुर हिमांशु पुत्र प्रदीप कुमार (उम्र करीब 20 वर्ष ), निवासी ग्राम नगला 8.289 किलोग्राम अवैध डोडा छिलका अपाचे मोटरसाइकिल (Pw5श्वह्2946) 2 मोबाइल फोन पुलिस की पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि उन्होंने डोडा छिलका एक अज्ञात व्यक्ति से खरीदा था और इसे छोटे-छोटे हिस्सों में महंगे दामों पर बेचकर मुनाफा कमाते थे, जिसे आपस में बांट लेते थे। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15/60 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पीलीभीत की महिला से बरेली में दुष्कर्म, युवक ने धर्म परिवर्तन कर निकाह करने का दबाव बनाया

पीलीभीत के जहानाबाद क्षेत्र निवासी महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता ने दूसरे समुदाय के युवक पर आरोप लगाया है। आरोप है कि युवक ने उस पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव भी बनाया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीलीभीत के जहानाबाद थाना क्षेत्र की एक महिला ने क्षेत्र के ही युवक पर तीन बीघा जमीन दिलाने का झांसा देकर बरेली के नवाबगंज में किराए के मकान में ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने जबरन धर्म परिवर्तन कर निकाह करने का भी दबाव बनाया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जहानाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की निवासी महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि ग्राम कुकरीखेड़ा निवासी इरशाद अंसारी उर्फ नन्हे ने उसे तीन बीघा जमीन दिलाने का लालच दिया। वह 22 अप्रैल को बरेली के नवाबगंज क्षेत्र स्थित गंगवार कॉलोनी के एक किराये के मकान में ले गया। वहां पहुंचने के बाद आरोपी ने उस पर पति से तलाक लेने, धर्म परिवर्तन करने और निकाह करने का दबाव बनाया। परिवार को दी जान से मारने की धमकी - पीड़िता का आरोप है कि 22 अप्रैल से 28 अप्रैल के बीच आरोपी ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए और विरोध करने पर उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। वह किसी तरह आरोपी के चंगुल से निकलकर अपने घर पहुंची और पति को पूरी आपबीती बताई। इसके बाद दोनों मौके पर पहुंचे, लेकिन आरोपी कमरे में ताला लगाकर फरार हो चुका था। नकदी और दस्तावेज भी ले गया आरोपी -मकान मालिक की मौजूदगी में ताला तोड़कर जब अंदर देखा गया तो महिला के 25 हजार रुपये नकद, गहने, बीमा बांड, मार्कशीट, आयुष्मान कार्ड, बैंक पासबुक समेत अन्य जरूरी दस्तावेज गायब मिले। आरोप है कि आरोपी यह सामान भी अपने साथ ले गया। महिला ने यह भी बताया कि आरोपी पहले भी शादी का झांसा देकर उससे 50 हजार रुपये और सोने के आभूषण ले चुका है। सीओ सदर नताशा गोयल ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की विवेचना की जा रही है और आरोपी की तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# Morning Yoga: Do these 5 asanas before getting out of bed and stay energized all day

Five simple yoga poses like Pavanmuktasana, Supta Twist, Bhujangasana, Balasana, and stretching before getting out of bed in the morning activate the body, improve digestion, and maintain energy throughout the day. These simple habits can transform both your morning and your health. Your morning starts impacting your entire day. If you feel tired, lazy, or stressed throughout the day, it could be due to a poor morning routine. Often, we start looking at our mobile phones or get out of bed in a hurry, preventing our body and mind from properly activating. But did you know that just a 5-minute change can make your entire day energetic and productive? Yes, doing a few simple yoga poses before getting out of bed activates your muscles, improves blood circulation, and calms your mind. These asanas not only stretch your body but also reduce mental stress. The good news is that you don't need a gym or any special space to do these. You can easily do them right in your bed. Let's explore five effective yoga poses that can completely transform your morning. If you want to start your day right, make these five simple yoga poses a part of your morning routine. They will not only improve your physical health but also strengthen your mental health. Remember—a good morning is the beginning of a great day. Pawanmuktasana - This pose activates the digestive system as soon as you wake up. Lie on your back and bring your knees to your chest and clasp them in your hands. This helps reduce gas, constipation, and stomach problems. Supine Twist - Giving your body a gentle twist flexes the spine. This pose helps release toxins and ease back pain. Bhujangasana - Lie on your stomach and raise your upper body. This pose strengthens your spine and increases lung capacity, making you feel more energetic. Balasana - This is a relaxing pose that calms the mind. It is extremely effective in reducing stress and anxiety and maintaining mental balance. Full Body Stretch - While lying on the bed, fully extend your arms and legs. This pose awakens the body and improves blood circulation.





# Thick Curd Recipe: How to set curd without starter? Learn the easy and effective method

Green chilies or lemon can be used in lukewarm milk to set curd without starter. Leaving it in a warm place for 6-8 hours produces thick and delicious curd. Curd is a vital part of Indian cuisine, not only enhancing the taste but also beneficial for health. Curd usually requires starter, i.e., pre-prepared curd. However, sometimes starter is not available at home, and people give up on the idea of ??setting curd altogether. Did you know that you can make thick and delicious curd at home without starter? With the help of some simple and indigenous methods, you can make perfect curd without starter. This method is so easy that once you learn it, you will forget about buying yogurt from the market. In this article, we will tell you five easy and effective methods that can help you set curd like a confectioner at home, even without starter. You'll also learn some important tips to ensure your yogurt is always perfect. Setting Yogurt with Green Chillies - Add 1-2 green chilies to lukewarm milk and cover. The natural bacteria in the green chilies ferment the milk into yogurt. Thick yogurt will be ready in 6-8 hours. Using Lemon Juice - Add a few drops of lemon juice to lukewarm milk and cover. This slightly curdles the milk and starts the fermentation process. Be careful not to add too much lemon, as it may spoil the taste. Dried Red Chillies Trick - Add 1 dried red chili to warm milk. This also helps set yogurt and is especially effective in winter. Using an Earthenware Pot - Use an earthenware pot to set yogurt. It absorbs excess water and thickens the yogurt, enhancing its flavor. Maintaining the Right Temperature - The milk used for setting yogurt should neither be too hot nor too cold. Always store it in a warm place, such as the kitchen or in a closed oven. Setting yogurt may take longer in the cold.




# Natural Drink for Headache Relief: Troubled by headaches? Start drinking this homemade drink regularly.

If you also suffer from headaches, this article will be extremely useful. Here, we will tell you about a drink that can help relieve your problem. Work stress, lack of sleep, and irregular eating habits often cause headaches. While many medications are available on the market, natural and nutritional remedies provide long-term relief. According to a nutritionist, a drink prepared with a few home-made ingredients can help alleviate headaches. It contains nutritious ingredients like makhana, dried coconut, poppy seeds, melon seeds, walnuts, and sugar candy. This drink, when taken with warm milk, provides gradual relief and reduces migraines. Let us tell you the correct method of preparing this drink so that you can reap its full benefits. To make the drink, you'll need the following ingredients: 1 cup roasted makhana, 1 cup grated dry coconut, 3-4 teaspoons poppy seeds, 5-6 tablespoons roasted melon seeds, 1/2 cup roasted walnuts, 1/2 cup sugar candy, 1-2 drops of almond oil for nutrition. Method: Blend all ingredients in a blender and grind them into a fine powder. Store the prepared powder in an airtight container. Never store it in a damp place, as it will likely spoil. How to use: When you have a headache, mix 1 teaspoon of the powder with lukewarm milk and drink it. Keep in mind that the milk should be lukewarm; drinking it with cold milk will not provide any relief. When to use: This remedy doesn't provide immediate relief, but regular consumption can improve migraine and headache symptoms. It's recommended to take it regularly for at least 2-3 months. If you start drinking this every night before sleeping, you will start getting relief in a few days.



# Rajat Kishan is embroiled in controversy again, allegedly showing an explosive activity resembling a petrol bomb on a road; police investigating

Former Kannada "Bigg Boss" contestant Rajat Kishan is once again embroiled in controversy. A video has raised numerous questions about him, and the police are investigating the matter. Find out what the matter is. Former Kannada "Bigg Boss" contestant and prominent figure in the Kannada TV industry, Rajat Kishan, has once again found himself embroiled in controversy due to a video, prompting a police investigation. If the allegations against him are proven true, Rajat could be in trouble. Find out what the matter is. Rajat Kishan is accused of allegedly showing an explosive activity resembling a petrol bomb on a public road while shooting a reel. A video of him pouring petrol into a plastic cover and then lighting it, causing an explosion. The video has spread rapidly on social media, raising concerns about public safety. Additionally, questions are being raised about the trend of creating such dangerous content without safety precautions. What do the police have to say? Police say they are investigating the viral video and the social media monitoring team is looking into the matter. However, it is not yet clear when and where this video was shot. This is not the first time Rajat has been embroiled in controversy. Previously, allegations have been leveled against him, such as making reels with weapons and creating an atmosphere of fear in public places, which drew the attention of the police. Now it remains to be seen what further developments emerge in this case. About Rajat Kishan - Rajat Kishan is a well-known face in the Kannada TV industry. His strong presence on reality shows and his unique personality have made him a popular figure among viewers.



# Aamir Khan's emotional revelation about Gauri Spratt, calling himself "very lucky" and saying, "Now I'm complete."

Aamir Khan has been seen at several events with his girlfriend, Gauri Spratt. He recently spoke openly about his personal life. Find out what he had to say. Aamir Khan and his girlfriend, Gauri Spratt, seem to have a great understanding. Recently, Aamir Khan openly discussed their relationship, where he praised Gauri profusely. He described himself as "very lucky" to be with Gauri. "I consider myself very lucky." In a recent interview with Navbharat Times, Aamir Khan spoke openly about his personal life. He shared how his relationship with Gauri is changing him emotionally. Aamir said, "I consider myself very lucky that I met Gauri and that our relationship began. She is very nice. I feel at peace with her." Although I had a very close relationship with (ex-wife) Kiran Rao and Reena Dutta, things didn't work out. When you asked this question, I felt very lucky that Gauri came into my life. We are both very happy together. I feel that now I am complete.' Regarding Aamir Khan's relationship, Aamir Khan was first married to Reena Dutta, with whom he has two children, Ira Khan and Junaid Khan. He then married filmmaker Kiran Rao in 2005, but they separated in 2021. However, they are still raising their son, Azad Rao Khan, together. What about the film 'Ek Din'? The film 'Ek Din' is scheduled to release on May 1. South Indian actress Sai Pallavi is making her Hindi film debut with this film. She stars alongside Aamir Khan's son, Junaid Khan, in the lead role. It is directed by Sunil Pandey. The film was originally scheduled to release on November 7, 2025. But now it will be released on May 1.





# Karisma Kapoor's plea to the paparazzi sent the video viral; users commented.

Karisma Kapoor is set to appear in the next season of "India's Best Dancer Season 5." A video of her is currently going viral on social media. Let's find out what's special about it. Karisma Kapoor is in the news for a viral video. Recently, she visited the set of "India's Best Dancer Season 5." Here, she spoke to the paparazzi in a way that made the video go viral. This famous 90s actress will be seen as a judge on the next season of "India's Best Dancer Season 5." What's in the viral video? In the viral video, Karisma Kapoor can be seen posing for the camera outside the "India's Best Dancer Season 5" set. After the shoot, she politely requested the paparazzi not to zoom in too much while taking photos and videos of her. Users commented: This brief conversation immediately sparked discussion online. Many users have commented on this video. Reacting to the video, one user wrote, "It's so strange that even such an old person has to explain this!" Another user said, "This is really sad." Another user commented, "Breaking news - a mother of two, a well-known actress, and most importantly - a woman, is urging some grown men to behave a little more decently and maintain some manners." Debate on the relationship between celebrities and paparazzi - This incident has once again sparked a debate on the relationship between celebrities and paparazzi. The video also raises the question of how important it is to maintain boundaries and behave politely with each other in public. Karisma Kapoor's awards - Karisma Kapoor was one of the most popular and highest-paid actresses of the 1990s. She has received numerous awards, including a National Film Award and four Filmfare Awards. Karisma's work front: Karisma was last seen in the 2024 film "Murder Mubarak." Her upcoming web series, "Brown," is also in the pipeline. Its release date is yet to be revealed.



